www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

जिंदगी की कमाई, दौलत से नही नापी जाती, अंतिम यात्रा की भीड़ बताती है, कमाई कैसी थी..!!

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 23 मई 2022, शुक्ल पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-40 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी प्रकार के कैंसर के इलाज की सुविधा

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में बनने वाले अत्याधुनिक राज्य कैंसर संस्थान का किया वर्चुअल भूमिपूजन, लगभग 120 करोड़ रूपए की लागत से होगा संस्थान का निर्माण

■ **कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा संस्थान**

बिलासपुर/रायपुर (नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में बिलासपुर में 120 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक 'राज्य कैंसर संस्थान' का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य कैंसर संस्थान कैंसर के इलाज के लिए आवश्यक अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होगा और आगामी एक वर्ष में इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित आसपास के कैंसर मरीजों को इस संस्थान के माध्यम से कैंसर के इलाज की अच्छी सुविधा मिलेगी। बिलासपुर में निर्मित होने वाले राज्य कैंसर संस्थान में सभी प्रकार के कैंसर के इलाज की सुविधा एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्वास्थ्य सुविधाओं की दिशा में एक और कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयासों के क्रम में आज राज्य कैंसर संस्थान के भूमिपूजन के साथ एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यह संस्थान निश्चित रूप से कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। हम मरीजों को कैंसर से मुक्ति दिलाने और जीवन को बचाने के लिए और भी प्रभावी तरीके से काम कर पाएंगे।

जल्दी निर्माण का कार्य होगा प्रारंभ

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि राज्य कैंसर संस्थान के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उदारतापूर्वक 34.19 करोड़ रूपए की राशि को स्वीकृति दी है। इस संस्थान हेतु केन्द्रांश की राशि 51.84 करोड़ रूपये प्राप्त हो चुके हैं। इस संस्थान के निर्माण का कार्य जल्द प्रारंभ होगा।

आज बेबाक

घुंघरू सेठ प्रचार के कितने भूखे है यह बात टीवी देखने वाला देश का हर दर्शक जानता है। खबरियां चैनलों पर विज्ञापनों की बौछार कर वो अपना चौखटा चमकाने का कोई मौका नहीं चूकते। अब उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले अनाज को अपने नाम से बांट कर झूठी वाह वाही लूटने का नायाब नुस्खा ढूंढ निकाला था लेकिन नई दिल्ली हाईकोर्ट में उनकी इस स्कीम पर रोक लगाकर उन्हें जोर का झटका जोर से दिया। घुंघरू सेठ विज्ञापनों पर पानी की तरह पैसा बहाना बंद कर उस पैसे से मुफ्त में राशन क्यों नहीं बांटते?

सूर्योदय

उदय : 5:46 प्रात:

अस्त : 6:58 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 1406,063,256

भारत: 7948,627,356

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 51,330 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,700 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.02 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	39.7	28.4
बिलासपुर	39.6	28.0
जगदलपुर	37.7	25.8
अंबिकापुर	39.7	27.7

आज का दिवस

राजमाता गायत्री देवी: जयपुर के भूतपूर्व राजघराने की राजमाता गायत्री देवी का जन्म आज ही के दिन यानी 23 मई वर्ष 1919 को लंदन में हुआ था. गायत्री देवी के पिता राजकुमार जितेन्द्र नारायण कूचबिहार (बंगाल) के युवराज के छोटे भाई थे, वहीं माता बड़ौदा की राजकुमारी इंदिरा राजे थीं.

राजमाता की सुंदरता के मशहूर थे किस्से: पहले शांतिनिकेतन, फिर लंदन और स्विट्ज़रलैंड में शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात इनका इनका विवाह जयपुर के महाराजा सवाई मानसिंह (द्वितीय) से हुआ. वॉग पत्रिका द्वारा कभी दुनिया की दस सुंदर महिलाओं में गिनी गईं राजमाता गायत्री देवी राजनीति में भी सक्रिय थीं.

क्वाड में भारत का स्टैंड- मैं झुकेगा नहीं

क्वाड में होगी यूक्रेन संकट पर चर्चा, रूस के साथ खड़ा रहेगा भारत; झुकेगा नहीं

नई दिल्ली (ए.)। जापान में 24 मई को होने जा रही क्वाड बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध पर भी चर्चा होगी। क्वाड के बाकी तीनों सदस्य अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया हालांकि रूस के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार किए हुए हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि भारत को एक बार फिर दबाव का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन भारत ने साफ संकेत दिए हैं कि वह अपने पुराने रुख पर आगे भी कायम रहेगा तथा अमेरिका या क्वाड सूमह के दबाव में बिल्कुल भी नहीं आएगा।

भारत का रुख स्पष्ट है-

विदेश सचिव विनय मोहन ने कहा, भारत का रुख स्पष्ट है। हम यह आज से नहीं बल्कि जब से यह युद्ध शुरू हुआ है तभी से कह रहे हैं कि युद्ध तत्काल रुकना चाहिए। समस्या का समाधान वार्ता और कूटनीति से निकाला जाए। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से क्वाड में इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी लेकिन इस पर हमारी नीति स्पष्ट है। दरअसल, यह अटकलें लगाई जा रही थी कि बदलती भू राजनीतिक स्थितियों में क्वाड के मंच पर तीनों सदस्य देशों की ओर से भारत को यूक्रेन मुद्दे पर दबाव का सामना करना पड़ सकता है। इसी प्रकार यूक्रेन युद्ध के चलते ही उत्पन्न हुए गेहूं संकट और भारत के गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित करने से भी पश्चिमी देश खुश नहीं हैं। लेकिन इस मुद्दे पर भी भारत अपनी नीति में किसी प्रकार के बदलाव के पक्ष में नहीं दिख रहा है।

मोदी जापान में दो दिनों में 23 कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान में 24 मई को क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वह लगभग 40 घंटे के अपने जापान प्रवास के दौरान विश्व के तीन नेताओं के साथ बैठक समेत 23 कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मोदी सम्मेलन में अमेरिकी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों पर भी चर्चा

बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा होगी। चुनौतियों के दायरे में चीन के आक्रामक रुख को लेकर भी बातचीत हो सकती है। दरअसल, चीन के साथ पिछले दो साल से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गतिरोध कायम है। 15 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद कई स्थानों से चीन पीछे नहीं हट रहा है। साथ ही वह कब्जे वाले क्षेत्र में लगातार पुलों का निर्माण कर रहा है। भारत चीन की आक्रामकता के मुद्दे को बैठक में उठा सकता है। इसके अलावा श्रीलंका की स्थिति को लेकर भी क्वाड में चर्चा होना तय माना जा रहा है।

जापान रवाना होने से पहले बोले पीएम मोदी- संबंधों को करेंगे और मजबूत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्वाड सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जापान की जा रहे हैं। पीएम मोदी ने जापान की यात्रा से पहले कहा है कि क्वाड देशों के नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में घट रहे घटनाक्रम और आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से क्वाड देशों के नेताओं को उठाए गए कदमों की प्रगति की समीक्षा करने का मौका मिलेगा। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि इस दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय बैठक भी होगी, इसमें हम अमेरिका के साथ बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे। दरअसल, पीएम मोदी की यह तीसरी जापान यात्रा होगी। जापान में पीएम मोदी क्वाड सम्मेलन में नेताओं से चर्चा के अलावा नेताओं से द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। इसमें व्यापार, निवेश, सुरक्षा, तकनीक समेत कई मुद्दे शामिल रहेंगे। पीएम मोदी 23 और 24 मई को जापान में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। क्वाड सम्मेलन में इंडो-पैसिफिक में एक डी-कार्बोनाइज्ड ग्रीन शिपिंग नेटवर्क तैयार करना, स्वच्छ हाइड्रोजन का उपयोग करने के साथ ही इसे और अधिक सुलभ बनाना, इंडो-पैसिफिक देशों की जलवायु निगरानी पर मंथन किया जाएगा।

सिद्धू की सुरक्षा में चूक

ड्रग्स केस आरोपी के साथ जेल में बंद

■ **पटियाला जेल की लाइब्रेरी के बैरक नंबर 10 में सिद्धू बंद**

■ **यहीं ड्रग्स केस का आरोपी इंद्रजीत सिंह भी बंद**

■ **इंद्रजीत सिंह के घर पर 2017 में मिला था नशीला पदार्थ**

चंडीगढ़। अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ड्रग्स का मुद्दा उठाते रहने वाले पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू फिलहाल जेल में बंद हैं। उनकी सुरक्षा में एक बड़ी चूक हुई है। उन्हें पटियाला सेंट्रल जेल के अंदर लाइब्रेरी बैरक नंबर 10 में रखा गया है, जहां ड्रग्स और अवैध हथियारों के मामलों का एक आरोपी भी बंद है। पूर्व सिपाही इंद्रजीत सिंह कथित तौर पर प्रमुख ड्रग्स सांठगांठ में शामिल होने के आरोपों का सामना कर रहा है। इस सांठगांठ में कई हाई-प्रोफाइल अधिकारी भी शामिल हैं। कई अभी भी सेवा में हैं। सिंह को भी शुक्रवार को सिद्धू की बैरक में रखा गया था, लेकिन पूछताछ के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया। बर्खास्त सीआईए इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह के आवास से 2017 में एके-47 सहित अवैध हथियार और नशीला पदार्थ बरामद किया गया था। उन्हें सिद्धू के बैरक में ही रखा गया था।

जेल विभाग के सूत्रों ने कहा कि सिद्धू को उसी बैरक में कैदी के रूप में देखकर निचले स्तर के जेल कर्मचारी भी हैरान थे। पंजाब की जेलों में पहले ही हत्याएं देखी जा चुकी हैं और सिद्धू अपने ड्रग विरोधी रुख के कारण उनकी हिट लिस्ट में हैं।1988 के रोड रेज मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद सिद्धू ने शुक्रवार को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यपाल उइके का ट्वीटर अकाउंट शुरू

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके का ट्वीटर अकाउंट का संचालन पुनः प्रारंभ हो गया है। 19 मई को अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनका अकाउंट हैक कर लिया गया था, जिसे बहाल कर लिया गया है। रविवार से राज्यपाल के ट्वीटर अकाउंट में पोस्ट-ट्वीट करना शुरू कर दिए गए है।

देश में कोरोना के 2,226 नए मामले दर्ज

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में रविवार को कोरोना के पिछले 24 घंटों में 2,226 नए मामले सामने आए हैं तथा 65 लोगों की मौत होने से कोरोना मृतकों की संख्या 5,24,413 हो गई। नये मामलों के सामने आने के साथ कुल मामलों की संख्या चार करोड़ 31 लाख 36 हजार 371 तक पहुंच गई है। इस दौरान सक्रिय मामलों में 41 की कमी आई है।

आधी रात बेलगांव में हाथियों का हमला

पिता सहित मासूम को कुचला मां ने भागकर बचाई जान

■ **मौके पर पहुंचे विधायक ने कराया ग्रामीणों का गुस्सा शांत**

जनकपुर/कोरिया। कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत जनकपुर वन सीमा में स्थित ग्राम बेलगाँव में शनिवार रात लगभग दो बजे के करीब हाथियों के दल ने हमला कर दिया। हाथियों ने घर के अंदर सो रहे 30 वर्षीय गुलाब सिंह और

उसकी 6 वर्षीय मासूम बेटी बिंदु उर्फ सानू को कुचलकर मार दिया। हादसे में मृतक की पत्नी सुनीता सिंह किसी प्रकार घर से दूर भागकर अपनी जान बचाने में सफल रही। इस हादसे से आहत ग्रामीणों ने सुबह घटना स्थल पर पहुंचे अधिकारियों का जमकर विरोध किया। इस दुःखद घटना की जानकारी लगते ही विधायक गुलाब कमरो सोनहत विकासखंड में अपने 3 दिवसीय दौरा को स्थगित कर तत्काल बेलगांव पहुंचे। विधायक ने स्थल का मुआयना कर हाथी के हमले में सुरक्षित बची ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क हादसे में आठ बारातियों की मौत

सिद्धार्थ नगर(वार्ता)। उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर जिले के जोगिया क्षेत्र मे सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर में भिड़ने से बोलेरो कार में सवार आठ बारातियों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होने दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के महला गांव सें बांसी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात एक बारात गयी थी। बारात से बोलेरो गाड़ी मे 11 लोग बैठ कर वापस आ रहे थे कि बांसी-नौगढ़ मार्ग पर कटया गांव के पास सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर में बोलेरो घुस गयी। इस हादसे में सात बरातियों मोनी,रामललित, रवि,शिवसागर,लाला,गोरख प्रसाद तथा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम घटे, पाकिस्तान में मोदी-मोदी

■ **पेट्रोल-डीजल के दाम घटने पर इमरान ने की भारत की तारीफ**

इस्लामाबाद। भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम घटने पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत सरकार के एक फैसले की खुलकर तारीफकी है। दरअसल, भारत सरकार की तरफ से पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटा दी। इमरान खान का मानना है ऐसा इसलिए संभव हो पाया क्योंकि भारत की एक स्वतंत्र विदेश नीति है। वो अमेरिका के दवाब में नहीं आया, उसने रूस से सस्ते में तेल खरीदा और फिर अपने नागरिकों को राहत दी। बता दें कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार गिरा दी गई थी। उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। उनकी तरफ से लगातार आरोप ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तेल की कीमतें घटा कर आंख में धूल झोंक रही है सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर लाभ कमा रही है और अब दाम घटाकर लोगों की आंख में धूल झोंकने का काम कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लव ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार पेट्रोल और डीजल के दाम घटाकर जनता को धोखा देने का काम किया है। सच यह है कि सरकार कीमतें कम करके भी जनता से दोगुना से ज्यादा पैसा वसूल कर रही है और कीमतें घटाने का छलावा किया जा रहा है।

छूट के नाम पर लूट- उन्होंने कहा कि पेट्रोल पर सरकार ने आठ रुपये और डीजल पर छह रुपए प्रति लीटर की कटौती कर अपने लाभ को दोगुना से कम नही होने दिया। उनका कहना था कि यह ठीक उसी तरह की नीति है जैसे कुछ दुकानों पर सेल पर बेची जाने वाली वस्तुओं की कीमत दोगुना करके 50 प्रतिशत कम पर बेचने की बात कर छूट के नाम पर लूट की जाती है।

बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह टीएमसी में शामिल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पिछले साल हुए संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद से बीजेपी में भगदड़ मची हुई है। पार्टी के कई नेता बीजेपी छोड़ तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं। अब बंगाल में बीजेपी को एक और झटका लग गया है। बीजेपी के उपाध्यक्ष और सांसद अर्जुन सिंह टीएमसी में शामिल हो गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह पिछले 6 महीन से टीएमसी के संपर्क में हैं। उनकी पार्टी के नेताओं से बात हो रही है. पिछले कुछ दिनों से वो बीजेपी के खिलाफ बयान भी दे रहे थे। दूसरी तरफ बीजेपी की ओर से उन्हें मनाने की कोशिश की जा रही है। केंद्रीय नेतृत्व उनसे लगातार बात करने की कोशिश में जुटा रहा। प्रदेश के नेता भी अर्जुन सिंह को साधने में जुटे रहे हैं। बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले अर्जुन सिंह बैरकपुर में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

निर्देश... कुतुब मीनार परिसर की खुदाई कराने का आदेश, एएसआई करेगा कुतुब मीनार परिसर की खुदाई

अब कुतुब मीनार पर रार- परिसर में स्थित मूर्तियों की होगी ऑइकोनोग्राफी

■ **ऑइकोनोग्राफी का मतलब है मूर्तियों का अध्ययन**

■ **परिसर स्थित मस्जिद के पास भी होगी खुदाई**

■ **अनंगताल और लालकोट की भी खुदाई की जाएगी**

नई दिल्ली (ए.)। अब दिल्ली की कुतुब मीनार पर विवाद खड़ा हो रहा है। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद और आगरा के ताजमहल के बाद अब दिल्ली की कुतुब मीनार पर विवाद खड़ा हो रहा है। केंद्र के संस्कृति मंत्रालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वे यानी आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया यानी एएसआई को निर्देश दिया है कि वह कुतुब मीनार परिसर स्थित मूर्तियों की ऑइकोनोग्राफी कराए।ऑइकोनोग्राफी का मतलब है मूर्तियों का अध्ययन। इसके अलावा उसे कुतुब मीनार परिसर की खुदाई कराने का आदेश भी दिया गया है। एएसआई जल्द ही यह काम पूरा कर संस्कृति मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगा। कुतुब मीनार के दक्षिण के इलाक़े और परिसर में मौजूद मस्जिद से थोड़ी दूरी पर भी खुदाई का काम किया जाए। कुतुब मीनार के अलावा अनंगताल और लालकोट की भी खुदाई की जाएगी। इसके पहले संस्कृति मंत्रालय की एक टीम ने कुतुब मीनार परिसर का मुआयना किया था। इस टीम में संस्कृति सचिव गोविंद मोहन समेत 12 लोग थे। इसमें एएसआई के चार लोग और शोधकर्ता भी थे। कुतुब मीनार में 1991 के बाद से अब तक खुदाई का कोई काम नहीं हुआ है।

कुतुब मीनार में 1991 के बाद से अब तक खुदाई नहीं

गौरतलब है कि इसके पहले कुछ कट्टरपंथी संगठनों ने कुतुब मीनार को विष्णु स्तंभ बताया था, कहा था कि यह मंदिरों को तोड़ कर बनाया गया है। इसके अलावा कुतुब मीनार में रखी भगवान गणेश की मूर्ति को लेकर भी विवाद हुआ था। महरौली की बीजेपी पार्षद आरती सिंह ने मांग की है कि कुतुब मीनार परिसर में ही किसी उचित स्थान पर गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना शुरू की जाए। बता दें कि इसके पहले एएसआई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक धर्मवीर शर्मा ने कुछ दिन पहले दावा किया था कि कुतुब मीनार दरअसल सूर्य वेधशाला यानी सन टॉवर है। इसका निर्माण नक्षत्रों के अध्ययन के लिए कराया गया था। इसका निर्माण पांचवी सदी में राजा विक्रमादित्य ने कराया था।

संपादकीय

महंगाई से त्रस्त जनता को थोड़ी राहत

भीषण महंगाई मार झेल-झेल कर त्रस्त हो चुकी देश की जनता को केन्द्र सरकार ने थोड़ी राहत प्रदान की है। केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल के मुल्य में क्रमशः 9.50 और डीजल में 7 रुपए की एक्साईज ड्यूटी घटाकर उपभोक्ताओं को राहत दी है। इसी तरह प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत घरेलू रसोई गैस के सिलेंडर के दामों में भी 200 रुपए की कमी की गई है जिससे लगभग 9 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के कारण दुनिया के अनेक देशों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इससे भारत भी अछूता नहीं है। भारत में भी पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि हो रही थी। पेट्रोल और डीजल ने तो शतक लगा दिया था वहीं रसोई गैस के मुल्य एक हजार पार कर गए थे। इस मुल्य वृद्धि का सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा था। पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ने से दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे थे। यहां तक दुध, फल और हरी सब्जीया भी लगातार महंगी होने लगी थी। जिसकी वजह से आम आदमी का घरेलू बजट गड़बड़ाने लगा था। और आड़े वक्त के लिए बचाकर रखी गई जमा पूंजी भी महंगाई डायन निगलने लगी थी। महंगाई को लेकर विपक्ष ने लगातार सरकार पर निशाना साधा और आंदोलन भी किया। आखिरकार केन्द्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में कमी कर दी। जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही अब राज्य सरकारों का भी यह दायित्व बनता है कि वे भी पेट्रोल व डीजल के दामों में कमी लाने के लिए इस लगने वाले वैट की दरों को थोड़ा कम करके अपने अपने प्रदेश की जनता को राहत दे। केरल सरकार और राजस्थान सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर लगने वाले वैट की दरों को थोड़ा कम कर अनुकरणीय कदम उठाया है। अन्य राज्य सरकारों को भी इसका अनुकरण करना चाहिए। देश में बढ़ती महंगाई के लिए केन्द्र सरकार को जिम्मेदार ठहराकर राज्य सरकारें अपने दायित्व से नहीं बच सकती। राज्य सरकारों को भी अपने प्रदेश की जनता के हित को सर्वोपरी मानकर इस दिशा में प्रभावी पहल करनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए की केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों पर एक्साइज ड्यूटी घटाने से राज्य सरकारें भी प्रेरणा लेंगी और वे भी यथा संभव पेट्रोल व डीजल पर लगाए जाने वाले वैट की दरों को कम करके लोगों को राहत प्रदान करेगी। महंगाई पर लगाम लगाने के लिए सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में कटौती करना काफी नहीं है। इसके लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों को और कड़े कदम उठाने होंगे। जमाखोरी और मुनाफा खोरी को रोकने के लिए जो कानून बनाए गए है। उसका कढ़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित करना होगा। दाम बांधों की नीति पर भी अमल करना होगा। हैरत की बात है कि एक ही वस्तु के दाम अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग होते है। राज्य सरकारों के पास खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग का भारी भरकम अमला होता है। जिसका यह दायित्व बनता है कि जमा खोरी और रोक लगाए। लेकिन यह अमला अवैध वसुली में लिप्त रहता है और व्यापारियों को लूट की खुली छूट दे देता। इस विभाग की नाक पर भी नकेल कसना जरूरी है। तभी बढ़ती महंगाई पर अकुंश लग पाएगा और महंगाई की मार से आहत आम जनता को सही मायनों में राहत मिल पाएगी।

लोकतंत्र में न्याय, अधिकार और विश्वसनीयता पर सवाल

राजनीतिक पूर्वाग्रहों और अनियंत्रित सोशल मीडिया से अराजकता के खतरे

आलोक मेहता

इसी तरह संघीय ढांचे के नाम पर राज्य सरकारों , केंद्र , राज्यपाल आदि के बीच निरंतर टकराव का भी बहुत नुकसान जनता को उठाना पड़ रहा है । शिक्षा ,स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी राज्यों द्वारा प्रतिरोध लोकतंत्र की जड़ों पर आघात है । महाराष्ट्र में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपी जेल में रहते हुए मंत्री पड़ पर बैठे रहें , यह कानून का मखौल ही है । भ्रष्टाचार के मामलों में करोड़ों रुपयों और संपत्ति मिलने के बाद भी केंद्रीय जांच एजेंसियों पर राजनीतिक पूर्वाग्रह की बात कहकर आँखों में धूल झोंकी जा रही है । संविधान निर्माता आज़ादी के आंदोलन से निकले हुए और समाज के प्रति बहुत समर्पित थे । उन्होंने कानून बनाते समय यह कल्पना नहीं की होगी कि पचास सत्तर साल बाद किस तरह के लोग सत्ता या प्रतिपक्ष में होंगे और अर्थ व्यवस्था कितनी बड़ी हो जाएगी । लेकिन वर्तमान व्यवस्था में काबिल लोगों की कमी नहीं है । कार्य पालिका और न्याय पालिका संपूर्ण समाज के हित में एक समयावधि तय कर नियम कानून बदल सकती हैं।

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहलाने वाले भारत में इस समय सचमुच विभिन्न दिशाओं से सम्पूर्ण व्यवस्था पर तीर और बम बरसाए जा रहे हैं। जो एक दिन न्याय व्यवस्था पर भरोसा जताता है , अगले दिन कोई निर्णय अनुकूल न होने पर उसके ही विरुद्ध आरोप लगा देता है । अदालत और सर्वोच्च न्यायाधीश कभी स्वयं सुधार की दुहाई देते हैं और कभी अति सक्रियता से कार्यपालिका के निर्णयों को उलट रहे हैं। संघीय ढांचे में अधिकारों की आवाज उठाने वाली राज्य सरकारें केंद्र सरकार से ही नहीं राज्यपालों तक से टकराने लगी हैं । खुद सी बी आई जैसी एजेंसियों से सहयोग मांगेगी , लेकिन अपने किसी सत्ताधारी पर आंच आने पर उसके प्रवेश पर ही रोक लगा रही हैं । संसद , विधान सभा , न्यायालय में कई गंभीर मुद्दे , प्रकरण वर्षों तक लटके रहते हैं । यह प्रवृत्ति क्या लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी नहीं है।

न्याय पालिका के ताजे दो निर्णयों को ही देखिये । राजीव गाँधी हत्या कांड के आरोपी को सर्वोच्च अदालत ने पहले फांसी दी , फिर उसे जीवन पर्यन्त जेल की सजा में बदला और अब राज्यपाल के अधिकार पर ही हथोड़ा चलाकर आरोपी को रिहा कर दिया । संविधान में राज्यपाल के सरकार की सलाह मानने का प्रावधान है , लेकिन उसके निर्णय पर विचार करने, व्यापक राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखने का अधिकार भी हैं। राज्यपालों और राष्ट्रपतियों द्वारा पिछले दशकों में कई सिफारिशों को महीनों वर्षों तक विचाराधीन रखा है। आख़िरकार आरोपी को वर्तमान न्यायाधीशों के पूर्ववर्ती वरिष्ठ जजों ने ही अपराध और कानूनों के आधार पर ही सजा दी थी। तमिलनाडु में इस समय सत्तारूढ़ दी एम् के की सरकार इस आरोपी को अपनी पार्टी का मानती रही । इसलिए उसने माफ़ी की सिफारिश कर दी। लेकिन केंद्र के जिम्मेदार प्रतिनिधि के नाते देश के सबसे बड़े आतंकी हमले में पूर्व प्रधान मंत्री की हत्या के आरोपी को रिहा करने से समाज में गलत सन्देश जाने का विचार रखकर उसे लंबित रखना उचित ही था । माननीय न्यायालय ने अति सक्रियता दिखाकर आरोपी को रिहा कर दिया। लेकिन पराकाष्ठा देखिये तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी हत्या के आरोपी का ऐसा स्वागत कर रहे हैं , जैसे कोई देशभक्त क्रन्तिकारी समाजसेवी जेल से रिहा हुआ हो। दुनिया के किस लोकतान्त्रिक देश में कोई सरकार हत्या के सजायाफ्ता आरोपी का ऐसा सम्मान करती है । सबसे दुखद बात यह है कि तमिलनाडु की सरकार के गठबंधन में सोनिया - राहुल गाँधी की कांग्रेस शामिल है । इन्ही सोनिया गाँधी और उनके सहयोगियों ने अपने ही पूर्व प्रधान मंत्री नरसिंह राव पर राजीव हत्या कांड की जाँच और अपराधियों को सजा में देरी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी , डी एम् के पर भी हत्या कांड

में सहयोग के आरोप लगाए थे ।

यदि इस हत्या कांड के आरोपी को जेल से रिहाई में देरी पर कष्ट है , तो इस फैसले के अगले ही दिन उसी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के सबसे प्रिय साथी नवजोत सिंह सिद्धू को मारपीट से एक सामान्य व्यक्ति की हत्या के आरोप साबित होने पर 32 साल बाद केवल एक साल की जेल होने पर अफ़सोस नहीं होना चाहिए ? यह सजा तो वर्षों पहले होती तो पंजाब और समाज में कोई अच्छा सन्देश तो जाता । सड़क पर अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को मार देना क्या जघन्य अपराध नहीं है । असल में सड़क पर ऐसी घटना या दुर्घटनाओं पर नियम कानून और वकीलों की सहायता से आरोपी पहले ही बहुत कम और देरी से फैसले होते हैं । यदि सिद्धू या लालू यादव जैसे लोग गंभीर प्रामाणिक आरोपों और निचली अदालतों के फैसलों के बाद ऊंची अदालत में मामले लटकाकर वर्षों तक सत्ता का आनंद लेते रहेंगे , तो लोगों को किसी भी अपराध करने में डर नहीं लगेगा । धन और सत्ता के बल पर कानून का मजाक बनाना भी तो अपराध है । लालू यादव के चारा कांड का भ्रष्टाचार हमने 1990 में सबसे पहले उजागर किया । लेकिन वह पंद्रह वर्षों तक राज्य या केंद्र में सत्ता में रहे । कुछ मामलों में अदालत से जेल भी हुई , जमानत पर छूटने के बाद बाहर आकर ऐसा स्वागत जयकार करवाया , जैसे महान कार्यों का पुरस्कार लेकर घर लौटे हैं । यही नहीं कांग्रेस और वह या उनकी पार्टियां एक दूसरे के विरुद्ध कभी लड़ती और कभी गले मिलती रही । बेचारी जनता ही नहीं कार्यकर्त्ता भी इस लुकाछिपी के खेल को बेबस झेल रही है । दूसरी तरफ हाल ही में राजद्रोह के मामले में सर्वोच्च अदालत ने कड़ा रुख दिखाया और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा केवल सार्वजनिक टिप्पणी पर अनावश्यक रूप से राजद्रोह के मुकदमे दर्ज करने पर रोक लगा दी । लेकिन अब भी ब्रिटिश राज के ऐसे काले कानूनों को अदालत या सरकार - संसद ने रद्द नहीं किया है । लोकतंत्र में किसी सरकार और पार्टी पर आरोप या आलोचना स्वाभाविक है । हाँ भारत देश के ही विरुद्ध गतिविधि , माओवादी या आतंकवादी कार्य पर राष्ट्रद्रोह के लिए संशोधित कड़े कानून होने जरुरी हैं । इसी तरह आपराधिक मानहानि की क़ानूनी धाराएं बदलने की मांग अदालत और संसद में होती रही है । वर्तमान मोदी सरकार ने सात सौ से अधिक पुराने निरर्थक कानून ख़त्म किए हैं । लेकिन जरुरत इस बात की है कि ब्रिटिश राज के कई कानून संसद और अदालतों द्वारा सर्वानुमति से बदल दिए जाने चाहिए।

इसी तरह संघीय ढांचे के नाम पर राज्य सरकारों, केंद्र, राज्यपाल आदि के बीच निरंतर टकराव का भी बहुत नुकसान जनता को उठाना पड़ रहा है । शिक्षा ,स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी राज्यों द्वारा प्रतिरोध लोकतंत्र की जड़ों पर आघात है । महाराष्ट्र में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपी जेल में रहते हुए मंत्री पड़ पर बैठे रहें , यह कानून का मखौल ही है । भ्रष्टाचार के मामलों में करोड़ों रुपयों और संपत्ति मिलने के बाद भी केंद्रीय जांच एजेंसियों पर राजनीतिक पूर्वाग्रह की बात कहकर आँखों में धूल झोंकी जा रही है । संविधान निर्माता आज़ादी के आंदोलन से निकले हुए और समाज के प्रति बहुत समर्पित थे । उन्होंने कानून बनाते समय यह कल्पना नहीं की होगी कि पचास सत्तर साल बाद किस तरह के लोग सत्ता या प्रतिपक्ष में होंगे और अर्थ व्यवस्था कितनी बड़ी हो जाएगी । लेकिन वर्तमान व्यवस्था में काबिल लोगों की कमी नहीं हैं ।

विचार

सत्ता ही सत्य, ईश्वर मिथ्या है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ज्ञानवापी की मस्जिद की हर गुंबद के नीचे कुछ न कुछ ऐसे प्रमाण मिल रहे हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि वह अच्छा-खासा मंदिर था। यही बात मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म स्थान पर लागू हो रही है। छोटी और बड़ी अदालतों में मुकदमों पर मुकदमे ठोक दिए गए हैं। अदालतें क्या करेंगी? वे क्या फैसला देंगी? क्या वे यह कहेंगी कि इन मस्जिदों को तोड़कर इनकी जगह फिर से मंदिर खड़े कर दो? फिलहाल तो वे ऐसा नहीं कह सकतीं, क्योंकि 1991 में नरसिंहराव सरकार के दौरान बना कानून साफ-साफ कहता है कि धर्म-स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 को थी, वह अब भी जस की तस बनी रहेगी। जब तक यह कानून बदला नहीं जाता, अदालत कोई फैसला कैसे करेगी? अब सवाल यह है कि क्या नरेंद्र मोदी सरकार इस कानून को बदलेगी? वह चाहे तो इसे बदल सकती है। उसके पास संसद में स्पष्ट बहुमत है। देश के कई अन्य दल भी उसका साथ देने को तैयार हो जाएंगे। इसीलिए तैयार हो जाएंगे कि सभी दल बहुसंख्यक हिंदुओं के वोटों पर लार टपकाए रहते हैं। संप्रदायवाद की पकड़ भारत में इतनी जबर्दस्त है कि वह जातिवाद और वर्ग चेतना को भी परास्त कर देती है। यदि ऐसा हो जाता है और धर्म-स्थलों के बारे में नया कानून आ जाता है तो फिर क्या होगा? फिर अयोध्या, काशी और मथुरा ही नहीं, देश के हजारों पूजा स्थल आधुनिक युद्ध-स्थलों में बदल जाएंगे। कुछ लोगों का दावा है कि भारत में लगभग 40,000 मंदिरों को तोड़कर मस्जिदें बनाई गई हैं। देश के कोने-कोने में कोहराम मच जाएगा। हर वैसी मस्जिद को बचाने में मुसलमान जुट पड़ेंगे और उसे ढहाने में हिंदू डट पड़ेंगे। तब क्या होगा? तब शायद 1947 से भी बुरी स्थिति पैदा हो सकती है। सारे देश में खून की नदियां बह सकती हैं। तब देश की जमीन के सिर्फ दो टुकड़े हुए थे, अब देश के दिल के सौ टुकड़े हो जाएंगे। उस हालत में अल्लाह और ईश्वर दोनों बड़े निकम्मे साबित हो जाएंगे।

ईंधन की कीमतों के मामले में विपक्ष का दोहरा चरित्र

हरदीप एस पुरी

लेखक भारत सरकार के पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हैं

विपक्ष को यह याद रखना चाहिए कि यूपीए सरकार के शासनकाल में 2005-12 के बीच 1.44 लाख करोड़ रुपये मूल्य के दीर्घकालिक तेल बॉन्ड जारी किए गए थे। भारत सरकार पर अब यूपीए-युग के इन तेल बॉन्डों का 3.2 लाख करोड़ रुपये का बोझ है। यूपीए शासन के दौरान लाइसेंस रकबे को रोक दिया गया था, जिससे तेल ईएंडपी का परिचालन बंद हो गया था। वर्षों की अपनी बड़ी विफलताओं, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नुकसान पहुंचाया है, के बाद मूल्य वृद्धि के बारे में विपक्ष द्वारा शोर-शराबा सर्वथा अनुचित है। इससे भी अधिक दुःखद बात यह है कि भारतीय मीडिया, जिसे विपक्ष के झूठ को उजागर करना चाहिए था, इस झूठे और तथ्यहीन नैरेटिव को समर्थन देकर आगे बढ़ा रहा है। राष्ट्र-निर्माण के सामूहिक मिशन में पारस्परिकता की अपेक्षा की जाती है। भारत सरकार ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह के उपायों के साथ राज्य सरकारों का समर्थन किया है; जिसमें वित्त आयोग के अनुदान के तहत कर राजस्व का 42 प्रतिशत हिस्सा, शक्ति हस्तांतरण के बाद राजस्व घाटा के लिए अधिक अनुदान और जीएसटी संग्रह का बड़ा हिस्सा शामिल हैं।

2020 की शुरुआत से, दुनिया भर की सरकारें कोविड-19 महामारी की चपेट में हैं और एक ऐसी उभरती हुई विश्व व्यवस्था के साथ तालमेल बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, जिसका निर्माण उनके द्वारा नहीं किया गया है। भारत सबसे अधिक सहनशील देशों में से एक के रूप में उभरा है यह एक वास्तविकता है, जो आईएमएफ के नवीनतम विकास अनुमानों में परिलक्षित होती है, जिसके अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था, वर्ष 2022 के दौरान 3.6 प्रतिशत की वैश्विक दर की तुलना में, 2022-23 में 8.2 प्रतिशत की विकास दर के साथ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था होगी। मोदी सरकार की दूरदर्शी पहलों की सहायता से, भारत महामारी से पैदा हुई सामाजिक-आर्थिक कठिनाइयों को अवसरों में बदलने में सक्षम हुआ। अभूतपूर्व 20 लाख करोड़ रुपये के 'आत्मनिर्भर भारत पैकेज' जैसे नीतिगत निर्णय ने यह सुनिश्चित किया है कि राष्ट्र एक स्थायी और समावेशी आर्थिक सुधार की ओर आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन दे रही है; टीकाकरण के तहत वैक्सीन की 188 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं (लेख लिखे जाने तक) और अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकार राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत 111 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व में कमी और राज्य सरकारों को प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता के बावजूद ऐसा किया गया और यह मोदी सरकार की प्राथमिकताओं से जुड़ी सभी बातों को स्पष्ट कर देता है। महामारी के दौरान कच्चे तेल की कीमतें कम हुई थीं। यूक्रेन में सैन्य कार्रवाइयों की अस्थिरता के कारण तेल की कीमत में 500 प्रतिशत तक की वृद्धि होने के बावजूद राज्य सरकारों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता का उच्च स्तर जारी रहा। यह वित्तीय सहायता सरकार द्वारा जिम्मेदार शासन और सहकारी संघवाद की लोकनीति के अनुपालन को दर्शाती है। इन कारकों से भारत पर बोझ काफी बढ़ गया, क्योंकि देश अपनी पेट्रोलियम आवश्यकताओं का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। विदेशी निर्भरता को दूर करने के लिए, भारत अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमताओं में तेजी से वृद्धि कर रहा है। 6 करोड़ से अधिक देशवासी प्रतिदिन खुदरा दुकानों पर पेट्रोलियम उत्पाद खरीदते हैं। देश की आर्थिक वृद्धि की गति बढ़ रही है। इसके साथ ही खपत में भी वृद्धि हो रही है। परिणामस्वरूप, मध्य-अवधि के सन्दर्भ में ऊर्जा की प्रति व्यक्ति मांग और भी अधिक होगी और यह तब तक जारी रहेगी, जब तक कि भारत एक हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित नहीं हो

जाता। इस पृष्ठभूमि में, यह विचार करने की आवश्यकता है कि क्या शासी निकाय उस दिशा में प्रयास कर रहे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय उपभोक्ता पर बोझ कम से कम पड़े। मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि उसके कार्यकाल के दौरान पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि न्यूनतम हो। अप्रैल 2021 और अप्रैल 2022 के बीच, भारत में पेट्रोल की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो संयुक्त राज्य अमेरिका (50.6 प्रतिशत), कनाडा (50.7 प्रतिशत), जर्मनी (50 प्रतिशत), यूके (58.9 प्रतिशत) और फ्रांस (33 प्रतिशत) की तुलना में सबसे कम थी। डीजल के लिए भी मूल्य वृद्धि में समान अंतर देखा जा सकता है; भारत में सभी प्रमुख देशों की तुलना में सबसे कम वृद्धि हुई है। घरेलू मूल्य वृद्धि के ऐतिहासिक विश्लेषण से पता चलता है कि 2014-2022 के दौरान पेट्रोल की कीमत में 36 प्रतिशत की वृद्धि (77 रुपये प्रति लीटर से 105 रुपये प्रति लीटर) पिछले 42 वर्षों के दौरान तुलनात्मक अवधियों में सबसे कम है। पेट्रोल की कीमत में 2007-14 के दौरान 60 प्रतिशत (48 रुपये से 77 रुपये); 2000-2007 के दौरान 70 प्रतिशत (28 रुपये से 48 रुपये); 1993-2000 के दौरान 55 प्रतिशत (18 रुपये से 28 रुपये); 1986-1993 के दौरान 125 प्रतिशत (8 रुपये से 18 रुपये); 1979-1986 के दौरान 122 प्रतिशत (3.6 रुपये से 8 रुपये) और 1973-79 के दौरान 140 प्रतिशत (1.25 रुपये से 3 रुपये) की वृद्धि दर्ज की गयी थी। यह भी याद रखना महत्वपूर्ण है कि पेट्रोल की कीमतों को 2010 में और डीजल की कीमतों को 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था। इसका अर्थ है, कीमतें बाजार द्वारा निर्धारित की जाती हैं। महामारी के कारण राजस्व घाटे के बावजूद, मोदी सरकार ने नवंबर 2021 में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की कमी की। अधिकांश राज्य सरकारों ने मूल्य वर्धित कर (वैट) में कटौती कर कीमत में कमी की, जबकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु और झारखंड जैसे कांग्रेस-सहयोगी राज्यों ने अत्यधिक उत्पाद शुल्क को जारी रखा। यह जानना दिलचस्प है कि विपक्ष, जो मूल्य वृद्धि का विरोध कर रहा है, पूरे भारत में ईंधन पर वैट की उच्चतम दरों को जारी रखने का विकल्प अपनाये हुए है। नीचे दिए गए आंकड़े इस असमानता को रेखांकित और स्पष्ट करते हैं: महाराष्ट्र 26 प्रतिशत + 10.12 रुपये प्रति लीटर, राजस्थान 31 प्रतिशत + 1.5 रुपये प्रति लीटर, केरल 30 प्रतिशत + 1 रुपये प्रति लीटर, आंध्र प्रदेश 31 प्रतिशत + 5 रुपये प्रति लीटर, तेलंगाना 35 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल 25 प्रतिशत + 13 रुपये प्रति लीटर, प्रधानमंत्री ने हाल ही में मुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक में जानकारी देते हुए कहा कि कुछ बीजेपी शासित राज्यों की तुलना में कई विपक्ष शासित राज्य, पेट्रोल पर राज्य द्वारा लगाए गए टैक्स के माध्यम से दोगुना राजस्व प्राप्त करते हैं। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) जैसे अन्य महत्वपूर्ण पेट्रोलियम उत्पाद पर महाराष्ट्र और दिल्ली द्वारा 25 प्रतिशत तक वैट लगाना जारी है, जबकि बीजेपी शासित गुजरात के अहमदाबाद में, वैट सिर्फ 5 प्रतिशत है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कभी-कभी लगता है जैसे प्रेम

कभी-कभी लगता है जैसे प्रेम करने को जटिल बना दिया गया है जबकि इसे सरल होना चाहिए था.. जिसने भी प्रेम में कहा कि मैं तुम्हारे लिए चाँद तारे तोड़ लाऊंगा उसे कहना चाहिए था मैं तुम्हारे लिए चाय बनाऊंगा। **रेणू जैन**

तू चले-संग मैं चलूं हर डगर किस

तू चले-संग मैं चलूं हर डगर किस गति चलूं मैं जता दे तू वन उपवन मन मेरा तेरी डगर बता दे तू हर कदम तेरे संग है तेरे कदम बता दे तू बिन तेरे मेरी सुबह नहीं ना बीते एक भी रात हर क्षण तुझे जिया हूं मुझमें कहां बता दे तू तू चले-संग मैं चलूं हर डगर किस गति चलूं मैं जता दे तू। **ललित उपाध्याय**

खास पाती

बूँद बूँद टपकता पानी चाहे

बूँद बूँद टपकता पानी चाहे किसी नल से या किसी की उदास आंखों से तप्त मौसम की निशानी है दर्द की शुरुआत अवस्था आंसुओं का सैलाब रहता है फिर तो बस यादों के संग सिर्फ नीर बहता है बाहर पौधे भी सुखा रहे है अपने भीतर की नमी को तेज ताप की झुलसन में जैसे मेरे भीतर की आग सिकोड़ रही है मेरी त्वचा को मेरे माथे और आँखों के इर्दगिर्द रेखाओं के मकड़जाल में उलझी सिसकती कहानियाँ आतुर है पृष्ठों पर आने को कमबख्त मन तकता रहता है कलम कागज ओर सूनेपन को दर्द कोई सुने और कहे कि मैं हूँ न,अब कहाँ होता है दर्द की लकीरों पर अब डार्क सर्किल का पहरा होता है। **नीलिमा शर्मा**

देश-देश का राग

देश-देश और देश का, सब राग रहे आलाप, पर हर छण बदलाव का, हो रहा है वार, सुनहरा था इतिहास पर, रोज़ आधुनिकता का वार , मुलभूत को लील रही, बदलाव की ये बयार, धर्म-धर्म से लड़ रहा, कट रहे सिर सैकड़ो-हज़ार, इंसान-इंसान पर लटक रही, जातियों की नंगी तलवार, सैकडों नारियाँ चींख रही, है बचाव-बचाव की पुकार, नहीं बचा कोई गिरधारी, कौन रखें द्रोपती की लाज़। **नमन कुमार मिश्रा**

जो समझ कर ना समझे उसे

जो समझ कर ना समझे उसे क्या समझे अपने मन की बात सबसे कैसे कहें समझना मुश्किल है समझना आसान है फूंक फूंक कर कदम रखें मन की बात किसी से न कहें मन का बोझ है कितना मन को समझें कौन। **नासिर नासिर भाई**

अपने प्रण पर अटल रहना

अपने प्रण पर अटल रहना आसान कहाँ, मोह-माया छोड़ भी दो जिम्मेदारी छोड़ना आसान कहाँ, आपको समझने का दावा करने वाले आपको सच में समझ ले ये आसान कहाँ, आपकी प्रसंसा करने वाले सच में पसंद करते हों ये आसान कहाँ, आपको आगे बढ़ने को प्रेरित करने वाले उसी की बुराई न करे ये आसान कहाँ, सच तो यह है कि अपने कहाने वालों में भी अपनों को ढूँढ़ लें ये आसान कहाँ। **पूनम झा**

न होते आज हम हिन्द

न होते आज हम हिन्दू, न तुम ही मुसलमां होते। हमारा एक घर होता, अलग न फिर मकां होते। रचा है खेल मालिक ने अजब तकदीर का देखो, उजड़ता ना कभी गुलशन, जो अपने बागबां होते। **चन्द्रलता यादव**

हाथ में अब त अक्सर बाटे

हाथ में अब त अक्सर बाटे। फूल के बदला पत्थर बाटे।। नफरत के आँधी बा आइल। रोज लड़ाई जमकर बाटे।। अँधियारा बा ताक में बइठल। ई सुरुज के कहाँ खबर बाटे।। खुशियन के हम ढूँढत बानी। साथे दुख के लश्कर बाटे।। खून निकालत खार चुभा के। कइसन मिलल सितमगर बाटे।। बिजुरी चमके, गरजे मेघा। विरहिन आँख समुंदर बाटे।। हक मिली गरीबन के कहिया। नाहीं घर, ना बिस्तर बाटे।। 'ऐनुल' जिनगी साँझ नियन बा। किस्मत में कहाँ सहर बाटे।। **'ऐनुल' बरौलवी**

मेरा तुम्हारा तुम्हारा मेरा प्रगाढ़ रिश्ता

मेरा तुम्हारा तुम्हारा मेरा प्रगाढ़ रिश्ता? सच्ची साधना पाक इबादत लिए क्योंकि जानती हूं हम तुम कभी नहीं मिलेंगे कभी एक नहीं होंगे जैसे धरती और आकाश कभी नहीं मिलते पर दूर से देखो तो लगते हैं दोनों गले मिले हुए एक दूसरे में लिप्त हुए वैसे ही हम तुम एहसास के जरिए जज्बात के जरिए आखिरी सांस तक एक दूजे में रहेंगे साथ एक दूजे के रहेंगे रहोगे ना मेरे साथ-? **रेनू शब्दमुखर**

QUIZ TIME

1) केसर के पौधे के किस भाग का उपयोग केसर मसाला प्राप्त करने के लिये किया जाता है?

2) दीवार में एक जिंदा तार छुपा हुआ है। इसके स्थान को किससे देखा जा सकता है?

3) जैवप्लास्टिक किस पदार्थ से बनता है?

4) भारत का सबसे बड़ा एकल स्थल अल्ट्रा-मेगा सौर ऊर्जा संयंत्र किस राज्य में है?

5) ब्लू बेबी सिंड्रोम प्रदूषित पानी में किसके उपयोग से होता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) सूखा वर्तिकाग्र (2) चुंबकीय सुई के द्वारा (3) मक्का के स्टार्च (4) रीवा, मध्यप्रदेश (5) नाइट्रेट

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः 1915 प्रथम विश्व युद्धः इटली लंदन संधि के अपने हिस्से को पूरा करने के लिए मित्र राष्ट्रों में शामिल हुए। 1919 जयपुर राजघराने की राजमाता रही महारानी गायत्री देवी का जन्म। 1923 राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार अन्नाराम सुदामा का जन्म। 1930 प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्त्ववेत्ता राखालदास बंद्योपाध्याय का निधन। 1934 ऑटो-लाइट स्ट्राइक टोलेडो की लड़ाई में समाप्त हो गई। 1948 यूएस कंसुल जनरल के थॉमस सी वासन, की हत्या यरूशलेम, इज़राइल में हुई। 1949 जर्मनी के संघीय गणराज्य के लिए मूल कानून घोषित किया गया। 1995 जावा प्रोग्रामिंग भाषा का पहला संस्करण जारी किया गया। 1998 उत्तरी आयरलैंड में एक जनमत संग्रह में गुड फ्राइडे समझौता स्वीकार किया गया था।

2004 - बांग्लादेश में तूफ़ान के कारण मेघना नदी में नाव डूबने से 250 डूबे। 2006 अलास्का स्ट्रेटोवोल्कोनो माउंट क्लीवलैंड में विस्फोट हुआ। 2010 तेलुगू चलचित्र गीतकार वेतुरी सुंदरम्मा मूर्ति का निधन। 2010 - भारत के उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष का एक साथ रहना अपराध नहीं माना। 2013 स्कागिट नदी पर इंटरस्टेट 5 पुल वाशिंगटन के माउंट वर्नोन में गिर गया। 2014 कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा के परिसर के पास एक हत्याकांड में अपराधी सहित सात लोग मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए।

सीजन में पहली बार शहर का अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री पहुंचा

■ रात में कई इलाकों में बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस सीजन में पहली बार शहर का अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री पहुंचा। पिछले साल तो अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री था। पिछले 24 घंटे की बात करें तो अधिकतम तापमान में डेढ़ डिग्री की वृद्धि रिकॉर्ड की गई। रात 10 बजे के बाद शहर के कई इलाकों में बारिश होने से गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली।

शनिवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्मी की वजह से लोग परेशान हो गए। जैसे-जैसे दिन गुजरा, तापमान में वृद्धि के साथ ही गर्मी ने लोगों की हालत खराब कर दी। लोग गर्मी की वजह से परेशान हो गए। धूप इतनी तेज थी कि दोपहर में दो से तीन घंटे तक सड़कों पर सन्नाटे की हालत रही। बहुत जरूरी होने पर ही लोग घर से बाहर निकले। ज्यादातर तो शाम होने का इंतजार करते रहे। दोपहर में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ जबकि एक दिन पहले 43.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से असम तक 0.9 किमी ऊंचाई तक स्थित है। इसके असर से कहीं-कहीं अंधड़ चलने व बूंदाबांदी होने की संभावना है।

हवा ने हिलाया बिजली का तार, शहर हुआ ब्लैक आउट

शनिवार की रात 10.30 बजे तेज हवा के साथ हुई अचानक बारिश ने लोगों को सुकून तो दिया, लेकिन यह मुसीबत भी बनकर आई। हवा के हिलाए तार से पुरे शहर में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित कर दी। मुख्य बाजार और रिहाइशी इलाके में 30 मिनट से 1.30 घंटे तक बिजली बंद होने की समस्या रही।

कई क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली देर रात तक जारी रही। इस संबंध में तोरवा डिवीजन के कार्यपालन यंत्री ईवीएस राजकुमार ने बताया कि तेज हवा और पानी के साथ बिजली चमकने से कुछ जगहों में ट्रिपिंग हुई। इस दौरान सिरगिट्टी में आधा घंटा, आरटीओ सब स्टेशन, पीजीबीटी, विनोबा नगर, आरके नगर में भी समस्या रही।मोपका में लोड अचानक बढ़ जाने से ट्रांसफार्मर फेल हो गया, जिसे देर रात बदलने की कार्रवाई शुरू की गई। वहीं कपिल नगर, सीपत चौक, बंधवापारा, बड़ी कोनी, छोटी कोनी, खमतराई, दयालबंद, मुंगेली नाका चौक सहित विभिन्न जगहों में बिजली बंद रही। इसके बारे में नेहरू नगर डिवीजन के कार्यपालन यंत्री सुरेश जांगड़े ने बताया कि 33 और 11 केवी लाइन में कोई समस्या नहीं आई।

फर्नीचर दुकान से दिनदहाड़े तराजू व कूलर के मोटर ले गए चोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा थाना क्षेत्र की फर्नीचर दुकान में दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोर शनिवार सुबह दुकान के पीछे तरफ से दीवार फांदकर पहुंचे और तराजू और कूलर के मोटर पार कर दिया। दुकान संचालक ने इस घटना की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। चंटीडीह सब्जी बाजार के पीछे रहने वाले अनिल अग्रवाल सुनील स्टील इंडस्ट्रीज के नाम से फर्नीचर दुकान संचालित करते है। दुकान के पीछे लोहे की छड़, नट-बोल्ट व अन्य सामान रहता है। शनिवार को सुबह वे दुकान खोलकर बैठे थे। करीब 11 बजे दुकान के पीछे गए। इस दौरान एक युवक पेड़ के सहारे दीवार फांदकर अंदर घुस गया था और लोहे का सामान को बाहर फेंक रहा था। उसे देखकर दुकान संचालक ने शोर मचाया। इस बीच चोर सामान को लेकर भाग निकला। जांच करने पर पता चला कि लोहे का बावस, तराजू, कूलर के मोटर गायब है। इसकी कीमत आठ हजार रुपये बताई जा रही है।

सिम्स की एक्स-रे मशीन में लगी आग, तत्काल किया गया काबू

■ मेंटेनेंस के दौरान शार्ट सर्किट के कारण हुआ हादसा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) के रेडियोलाजी विभाग में शनिवार को मेंटेनेंस के दौरान शार्ट सर्किट से एक्स-रे मशीन में आग लग गई। हालांकि तत्काल आग पर काबू पा लिया गया। फिर भी मशीन को काफी नुकसान पहुंचा है। सिम्स में मरीजों की सुविधा के लिए कुछ माह पूर्व आधुनिक एक्स-रे मशीन लाई गई थी। करीब 12 लाख रुपये की यह मशीन कक्ष नंबर तीन में स्थापित है। रोजाना इस मशीन से मरीजों की एक्सरे जांच होती है। शनिवार को एक्स-रे मशीन की मेंटेनेंस करने वाली कंपनी का इंजीनियर आया था। इंजीनियर मशीन की जांच कर रहा था।

इसी दौरान अचानक शार्ट सर्किट होने के कारण मशीन में आग लग गई। पूरे कमरे में धुआं भर गया। आग लगने की खबर फैलने ही सिम्स में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक मशीन को भारी नुकसान पहुंच चुका था। इधर सिम्स प्रबंधन का कहना है कि एक्स-रे मशीन गारंटी और वारंटी पर है। इसलिए कंपनी को ही इसे दुरुस्त करना होगा या नई मशीन देनी होगी।

पहले भी हो चुके हैं हादसे

सिम्स में आग लगाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले कई बार आग लग चुकी है। जनवरी 2019 में सिम्स के गायनिक ओटी में आग लग गई थी। इससे निकलने वाला काला धुआं एनआइसीयू में भर गया था। इस वार्ड में गंभीर रूप से बीमार बच्चों का इलाज किया जाता है। आनन फानन में सभी बच्चों को निकाला गया। उन्हें दूसरे अस्पतालों में भर्ती किया गया। इसमें से कुछ बच्चों की मौत हो गई थी। इसके अलावा लेबर ओटी पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। मामले की जांच में भी शार्ट सर्किट का घटना की वजह बताया गया था। इसके बाद भी हालत को सुधारने के लिए खास उपाय नहीं किए गए। सिम्स में अस्पताल के ज्यादातर हिस्से में वायरिंग की स्थिति बहुत खबरा है।

ट्रेडर्स दुकान में सेंधमारी, नगदी समेत सेटअप बाक्स ले गए चोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। शनिवार की रात ट्रेडर्स दुकान में चोरों ने धावा बोल दिया। दीवार तोड़कर नगदी समेत सीसीटीवी कैमरे के सेटअप बाक्स पार कर दिया है। दुकान संचालक ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। रतनपुर पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। ग्राम सेमरा चपोरा के रहने वाले ग्राम पंचायत खैरा के मेनरोड किनारे दीपक ट्रेडर्स दुकान संचालक हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 20 मई की रात आठ बजे रोज की तरह दुकान को बंद करके अपने घर ग्राम सेमरा चले गए थे। स्वजनों के साथ खाना-पीना खाकर सो गए।

21 मई की सुबह छह बजे उठकर ग्राम खैरा के तरफटहलने के लिए निकले थे। पैदल चलते हुए अपने दुकान के पास पहुंच गए। दुकान के गेट के बगल की दीवार टूटी हुई थी। इससे चोरी होने का संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने मुख्य दरवाजे का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा। तब सामान बिखरा हुआ मिला। गल्ले से नगदी छह हजार रुपये चोरी हो गई थी। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे के सेटअप बाक्स भी उखाड़कर ले गया था। आसपास पूछताछ करने के बाद पीड़ित दुकान संचालक ने पुलिस को सूचना दी। रतनपुर पुलिस की टीम जांच करने मौके पर पहुंची। दुकान की तलाशी ली, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। चोरों ने करीब दस हजार रुपये के सामान पार किया है।

संदेहियों से पूछताछ जारी

रतनपुर थाना प्रभारी यूएन शांत कुमार साहू ने बताया कि ट्रेडर्स दुकान में सेंधमारी की घटना हुई है। किसी अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़कर नगदी व कैमरे के सेटअप बाक्स चोरी कर लिया है। आसपास के संदेहियों से पूछताछ की जा रही है। दुकान संचालक ने आसपास के लोगों पर संदेह जताया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुखबिरों को अलर्ट कर दिया गया है।

शादी में गए रेलकर्मी के मकान से जेवर पार

बिलासपुर/नवप्रदेश। देवरीखुर्द के विजयनगर के रहने वाले दीपक कुमार कश्यप रेलवे कमर्शियल क्लर्क के पद पर पदस्थ है। उनका परिवार 13 मई को रिश्तेदार के शादी में शामिल होने के लिए सीपत क्षेत्र के ग्राम करमा गया था। दीपक अपने ड्यूटी करने गेवरा कोरबा चले गए। 20 मई शाम छह बजे वे ड्यूटी करने के बाद वापस अपने घर आए। बाउंड्रीवाल के गेट पर ताला खोलकर अंदर गए तो मकान का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। आलमारी से चांदी की पायल, सोने का झुमका, मंगलसूत्र का लाकेट, सिलाई मशीन, रेंजर साइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद उन्होंने तोरवा पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम जांच करने मौके पर पहुंची। कमरे की तलाशी ली, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत करीब 40 हजार रुपये है। पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।

छड़ की कीमत में प्रति क्विंटल एक हजार रुपये की आई कमी

■ सीमेंट की कीमतों में प्रति बोरी पांच से सात रुपये की आई कमी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छड़,सीमेंट व रेत की कीमतों में आई कमी के चलते निर्माण कार्यो में तेजी आने की संभावना देखी जा रही है। उन लोगों के लिए राहत वाली खबर जिन्होंने कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मकान बनाने का काम बंद कर दिया था। केंद्र सरकार ने पेट्रोल व डीजल की कीमत के उत्पाद शुल्क में कमी कर दी है। इसके चलते पेट्रोल व डीजल की कीमतों में कमी आई है। पेट्रोल में प्रति लीटर 103.58 रुपये व डीजल प्रति लीटर 96.55 रुपये हो गया है। पेट्रोल व डीजल की कीमत में आई कमी के कारण परिवहन खर्च में कमी आने की संभावना देखी जा रही है। डीजल की कीमतों में आई कमी का असर जल्द देखने को मिलेगा। निर्माण सामग्रियों की कीमतों में गिरावट का असर भी देखने को मिलेगा। व्यापारियों को भी अच्छे व्यापार की उम्मीद है। छड़ सीमेंट के अलावा रेत व ईट की कीमतों में भी गिरावट आई है। डीजल की कीमतों में गिरावट के कारण रेत,ईट,गिट्टी के परिवहन खर्च में भी कमी आई है।

ठेकेदारों ने भी शुरू किया काम

निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण सरकारी कामकाज करने वाले ठेकेदारों ने निर्माण कार्य बंद कर दिया था। बन्द पड़े निर्माण कार्यों में अब तेजी आएगी। निर्माण सामग्री की कीमत कम होने के बाद अब मकान बनाने का काम जल्द शुरू होने की संभावना देखी जा रही है। छड़ व सीमेंट की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण मकान बनाने का काम रुक गया था। अब फिर तेजी आने की बात कही जा रही है।

सड़क किनारे खड़े खराब ट्रेलर को कोयला ले जा रहे ट्रेलर ने मारी टक्कर, चालक घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सड़क किनारे खड़े खराब ट्रेलर को कोयला लोड ट्रेलर के चालक ने टक्कर मार दी। इससे कोयला लोड ट्रेलर का चालक स्टेयरिंग में फंस गया। सूचना मिलते ही कोनी पुलिस मौके पर पहुंची और गैस कटर मशीन से केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला गया। उसे गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती कराया गया है। कोनी पुलिस के अनुसार शनिवार की रात बाबी ढाबा के पास खराब ट्रेलर सड़क किनारे खड़ा था। रात 12.30 बजे रतनपुर की ओर से दूसरे ट्रेलर का चालक कोयला लेकर कोनी की आ रहा था।

ट्रेलर की रफ्तार तेज थी। अंधेरा होने के कारण चालक खड़े ट्रेलर को नहीं देख पाया। उसने खड़ी ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक स्टेयरिंग में फंस गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीन घंटे की मशक्कत के बाद कटर मशीन से केबिन काटकर चालक को बाहर निकाला गया।

खड़े ट्रक से भीड़ा बोलेरो, सात घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोनी थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटोला मार्ग पर 17 मई को सड़क किनारे ट्रक खड़ा थी। रात 11.30 बजे बोलेरो वाहन चालक तेज रफ्तार से पहुंचा। चालक ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बोलेरो सवार मध्य प्रदेश के जबलपुर के रहने वाले नंदिनी पति रामविलाश (26), रामविलाश पिता बाबुलाल (33), कमलेश टांडिया पिता स्व. संतोष सिंह (18) चंद्र कली पति स्व. संतोष सिंह (50) राधिका पिता रामविलाश (07), नैतिक पिता रामविलाश (05), भूनिया पनिका पति स्व. भरत सिंह (40) को गंभीर चोट आई थी। पुलिस की डायल 112 की टीम ने घायलों को सिम्स में भर्ती कराया था। सभी घायल अपने रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने बिलासपुर आ रहे थे। इसी दौरान वे हादसा के शिकार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर विवेक विहार में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के संयोजकत्व में आयोजित प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। प्रांतीय आचार्य सामान्य प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ प्रांत के विद्यालयों से 68 पुरुष आचार्य 42 महिला आचार्य 20 प्रशिक्षक आचार्य वर्ग सम्मिलित हुए।

विद्यालय के प्राचार्य चन्द्रभान तिवारी ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराते हुए बताया कि सरस्वती शिक्षा संस्थान के निर्देशानुसार आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया है। जो 17 मई से 2 जून तक 15 दिवस तक आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सन 1952 से सरस्वती शिशु मंदिर का संचालन हो रहा है।

सुलभ शौचालय में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुलभ शौचालय में घुसकर 15 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपित ने अपराध स्वीकार किया है। शनिवार को आरोपित युवक को कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि 20 मई को पीड़िता ने शिकायत की थी कि शाम 5.30 बजे शौच के लिए सुलभ शौचालय गई थी। उसी समय मसानगंज सिंधी मोहल्ला निवासी चेला राम श्रीवास (25) ने शौचालय में जबरन घुस गया और किशोरी से दुष्कर्म किया।

शोर करने पर आरोपित ने मारपीट की। आवाज सुनकर पीड़िता की बड़ी बहन पहुंची। तब आरोपित चेलाराम भाग गया। इस मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी थी। शनिवार को टीआइ परिवेश तिवारी के नेतृत्व में टीम रवाना हुई। मरीमाई चौक के पास आरोपित चेला राम को गिरफ्तार किया गया।

शादी का झांसा देकर शादीशुदा महिला से दुष्कर्म

शादी करने का झांसा देकर युवक ने खुद से बड़ी उम्र की शादीशुदा महिला से दुष्कर्म किया। जब महिला ने शादी करने के लिए कहा तो युवक ने साफ इन्कार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। घटना के बाद आरोपित युवक फरार है। सरकंडा थाना क्षेत्र के रहने वाली 36 वर्षीय महिला ने शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि मुंगेली के रहने वाले अजय टंडन (34) शादी करने का झांसा देकर दो साल से शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला अपने पति से अलग रहती है। इसका फायदा उठाकर अजय महिला के घर में जाकर मिलता था। मना करने पर उसे पत्नी बनाकर साथ रखने का झांसा देकर संबंध बनाता था। इस बीच महिला ने शादी करने के लिए कहा। तब अजय टंडन ने इन्कार कर दिया। सरकंडा पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

मिलर्स की शिकायत पर खाद्य अधिकारियों द्वारा जांच की गई

मुंगेली/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति सिंगारपुर के धान उपार्जन केंद्र विचारपुर शुक्लाभाठा द्वारा कुल 2064 क्विंटल में से 1698.64 क्विंटल ही धान राईस मिलर्स को भेजा गया। 365.36 क्विंटल धान कम भेजा गया। मिलर्स की शिकायत पर खाद्य अधिकारियों द्वारा जांच की गई। जांच में गड़बड़ी पायी गई। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा दोषियों पर एफआईआर करायी जा रही है।

जिले में धान खरीदी केन्द्रों में इस वर्ष गड़बड़ी करने वालों की कलई खुल रही है। गबन करने वाले चार केन्द्रों पर पहले एफआईआर हो चुकी है। धान शॉर्टेज के साथ ही कई केन्द्र वाले मिलर्स को धान भेजने में भी गड़बड़ी किये है। जिन पर भी एफआईआर की जा रही है। विचारपुर केन्द्र के द्वारा राईस मिलर्स को कम धान देने पर एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिंगारपुर के उपार्जन केन्द्र विचारपुर शुक्लाभाठा से धान उठाने हेतु राज मिलिंग को 2450 क्विंटल का डीओ जारी हुआ था। राज मिलिंग द्वारा कुल 9 ट्रकों के माध्यम से 5160 बोरी उठाव किया गया। जिसकी वास्तविक मात्रा 1698 क्विंटल 64 किलो उठाव हुआ। उठाव पश्चात 751 क्विंटल 36 किलो धान शेष होना चाहिए था।

खरीदी प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा 2064 क्विंटल जावक दिखाकर शेष 386 क्विंटल शेष दर्शाया गया। इस तरह 365 क्विंटल 36 किलो का अधिक जावक दर्ज कर दिया गया। केन्द्र प्रभारी ने राईस मिलर्स का 365 क्विंटल धान गबन कर दिया था। राईस मिलर्स की शिकायत पर खरीदी प्रभारी वेद प्रकाश गबेल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर महावीर सागर पर एफआईआर दर्ज करने का कलेक्टर ने आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले के 97 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 38 लाख 38 हजार 235 क्विंटल 60 किलोग्राम धान खरीदी हुयी थी। जिसमें से 18 हजार 683 क्विंटल धान का उठाव अब तक नहीं हो सका है। मिलर्स की शिकायत पर खाद्य अधिकारियों द्वारा जांच की गई। जांच में गड़बड़ी पायी गई। जिसकी जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा दोषियों पर एफआईआर करायी जा रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने किया राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के अंतर्गत राशि का अंतरण

जिले के किसानों, भूमिहीन मजदूरों और गोबर विक्रेताओं के खाते में 61 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

■ राज्य सरकार पुरखों का सपना कर रही है साकार - छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम मंडल के अध्यक्ष त्रिवेदी

मुंगेली/नवप्रदेश। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों और गौठान से जुड़ी समूह की महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन अंतरण किया। जिसमें उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अन्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के तहत जिले के 87 हजार 872 कृषकों के खातों में पहली किश्त के रूप में 58 करोड़ 85 लाख रुपए, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत 14 हजार 152 भूमिहीन मजदूरों के खातों में 02 करोड़ 83 लाख रुपए और गोधन न्याय योजना के तहत 339 गोबर विक्रेताओं के खाते में 05 लाख 66 हजार से अधिक की राशि अंतरित की। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधिगण, योजना के हितग्राही वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से राशि अंतरण कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री त्रिवेदी ने इन योजनाओं के लाभांवित किसानों और हितग्राहियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे राज्य के विभूतियों ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए जो सपने देखे थे वह सपना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा साकार किया जा रहा है। किसानों को उनके फसलों के एवज में वाजिब दाम दिया जा रहा है। राज्य सरकार जरूरत के समय किसानों के जेब में पैसा डालने का काम कर रही है। इससे राज्य की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मात्र एक ऐसा राज्य है जहां गोधन न्याय योजना के तहत 02 रूपए किलो में गोबर खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 09 हजार रूपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि और राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों को प्रतिवर्ष 07 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्ज के कुचक्र से मुक्ति दिलाने के लिए किसानों के अल्पकालिक कृषि ऋण को माफ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मुंगेली जिले की गौरवशाली इतिहास को भी याद किया। कार्यक्रम को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी ने आधुनिक भारत का जो सपना देखा था, वह सपना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा साकार किया जा रहा है। चारों तरफ सुख समृद्धि का वातावरण निर्मित हुआ है। अन्नदाताओं के चेहरों में खुशी झलक रही है। यह सब राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के तहत ही संभव हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है।

न्यूज गैलरी

जिला स्तरीय एथलेटिक्स चयन परीक्षण मे 239 प्रतिभागी शामिल हुए

कोरबा/नवप्रदेश। खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिला में एथलेटिक्स बालक, बालिका चयन परीक्षण का आयोजन सीएसईबी फुटबॉल मैदान कोरबा पूर्व में किया गया। इस चयन परीक्षा में 239 प्रतिभागी शामिल हुए। परीक्षण उपरांत उत्कृष्ट 12 प्रतिभागियों का चयन किया गया। खेल अकादमी मे चयनित खिलाडियों को निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेयिंग किट, दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जाएगी। 22 मई को सुबह 7 बजे सीएसईबी फुटबॉल मैदान कोरबा पूर्व में बालिका कबड्डी चयन प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी आरके साहू ने बताया कि उक्त चयन परीक्षण में जिला क्रीड़ा अधिकारी प्यारे लाल चौधरी, पर्यवेक्षक अनूप राय, ओलंपिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफ र, तारकेश मिश्रा, एथलेटिक्स संघ से सजजीत टीजान, देवेंद्र सिंह राजपूत, महेश केवट, राम नारायण, नवल उपाध्याय, सावित्री जयसवाल, पीयूष पांडे विवेकानंद गोपाल, गोपाल दास, धनराज निर्मलकर, महेंद्र चंद्रा, दुर्गेश नेताम राम चरण मैत्री, आकाश, प्रताप दास, सुखदेव, शिवम राजपूत, नंदनीनेहा देवांगन, हेमा, चित्रलेखा एवं बालको नगर के छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

सांसद गोमती साय ने दी श्रद्धांजलि

फरसाबहार/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल दोकड़ा के ग्राम पंचायत पतरापाली के वरिष्ठ नेता विद्याधर सिंह के ज्येष्ठ पुत्र मोहन सिंह का शनिवार को

आकस्मिक निधन हो गया। ये पेशे से शिक्षक थे। ये बहुत ही मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सांसद ने कहा इनका पूरा परिवार भाजपा पार्टी के कार्यों के प्रति हमेशा समर्पित रहता है। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र की अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना मुश्किल है। मै विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। बिलासपुर में हुए सड़क हादसे में पूर्व सांसद व भाजपा नेता लखन लाल साहू जी के भतीजे समेत चार व्यक्तियों का दुखन निधन हो गया। मैं प्रार्थना करती हूं कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें।

जिला स्तरीय बालिका कबड्डी चयन परीक्षण में 179 प्रतिभागी शामिल हुए

कोरबा/नवप्रदेश। खेल अकादमी बिलासपुर के लिए जिला में बालिका कबड्डी चयन परीक्षण सीएसईबी फुटबॉल मैदान कोरबा पूर्व में आयोजित किया गया किया गया। इस चयन परीक्षण में 179 प्रतिभागी शामिल हुए। चयन परीक्षण उपरांत उत्कृष्ट 13 प्रतिभागियों का बिलासपुर हेतु चयन किया गया है।चयनित खिलाडियों को निशुल्क आवास ,भोजन, कीट, दुर्घटना बीमा आदि शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला खेल अधिकारी श्री आरके साहू ने बताया कि उक्त चयन परीक्षण में जिला क्रीड़ा अधिकारी प्यारे लाल चौधरी , पर्यवेक्षक अनूप राय, देवेंद्र सिंह राजपूत, महेश केवट , राम नारायण , नवल उपाध्याय, श्रीमती सावित्री जयसवाल , पीयूष पांडे विवेकानंद गोपाल, गोपाल दास , धनराज निर्मलकर , महेंद्र चंद्रा, दुर्गेश नेताम, राम चरण मैत्री , मोहम्मद जुनेद आलम, अजीत , प्रियंका तिंगा, अनुज प्रताप सिंह ,अजय मसीह आकाश, प्रताप दास, सुखदेव, शिवम राजपूत ,नंदनी ,नेहा देवांगन, हेमा, चित्रलेखा एवं बालको नगर के छात्र छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। इसी तरह चयन परीक्षण में पीएचसी के अजीत एवं कुमारी प्रियंका तिग्गा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 25 मई को

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 25 मई 2022 को सुबह 11 बजे जिला पंचायत कोरबा के सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में केंद्रीय योजनाओं से संबंधित निर्धारित एजेंडे की समीक्षा की जाएगी। बैठक में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मध्यान्ह भोजन योजना, आदि केंद्रीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा की जाएगी तथा प्रभावी एवं जनहितैषी बनाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक कोविड-19 प्रोटोकॉल के आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आयोजित की जाएगी।

ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज ने किया शर्बत वितरण

जगदलपुर/नवप्रदेश। समाजिक कार्यों में अग्रणी जगदलपुर की श्री ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के बैनर तले जैनिज्म ग्रुप द्वारा मोबाइल प्याऊ का संचालन निरंतर सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस चिलचिलाती धूप एवं उमस भरी गर्मी के बीच राहगीरों को ठंडे पानी का चलते फिरते वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को संजय मार्केट में आम राहगीरों के लिए ठंडे शरबत का वितरण कार्य किया गया। हजारों राहगीरों द्वारा जैन समाज द्वारा किए इस कार्य की भरपूर सराहना की गई एवं अन्य समाजों को भी जैन समाज से प्रेरणा लेने की बात कही गई है ।

नाबालिग से छेड़छाड़, अजय राठी को जेल

- अजय राठी, राठी बिल्डमार्ट के मालिक हैं
- रायपुर शहर के बड़े बिल्डर्स में राठी भी शामिल हैं
- जय राठी का जगदलपुर के अलावा रायपुर,बिलासपुर में भी बड़ा कारोबार है

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी अजय राठी को रायपुर पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कारोबारी अजय राठी का जगदलपुर के अलावा रायपुर,बिलासपुर में भी बड़ा कारोबार है। अजय राठी, राठी बिल्डमार्ट के मालिक हैं। इनका कारोबार रायपुर और बिलासपुर में फैला हुआ है। रायपुर शहर के बड़े बिल्डर्स में राठी भी शामिल हैं। रियल स्टेट इंडस्ट्री से जुड़े इस कारोबारी के खिलाफ राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने कार्रवाई की है। नाबालिग लड़की ने थाने में जाकर रिपोर्ट लिखवाई। इसके बाद पुलिस की टीम ने फौरन एक्शन लेते हुए कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। मामला अमलीडीह के ड्रीम होम हाउसिंग प्रोजेक्ट के मालिक से जुड़ा हुआ है। नाबालिग के साथ अश्लील हरकत भी इसी जगह पर हुई। 17 साल की लड़की ने पुलिस को बताया कि वो कंपनी में सेल्स गर्ल है। हर रोज की तरह काम पर आई थी। डेमो के मकानों की सफाई करवा रही थी। लड़की के साथ एक और महिला थी, तभी वहां प्रोजेक्ट का मालिक अजय राठी आ पहुंचा। उसने सफाईकर्मी महिला को दूसरे मकान को साफ करने भेजा। लड़की का आरोप है कि काम की बातों में उलझाकर कारोबारी उसे अपने साथ दफ्तर के ऊपरी हिस्से में ले गया। वहां लड़की को गलत नीयत से छूने लगा और अश्लील हरकतें करने लगा। लड़की कारोबारी को धक्का देकर वहां से भागने लगी। कारोबारी ने लड़की से अपना मुंह बंद रखने और इस घटना के बारे में किसी से कुछ भी न कहने को कहा। लड़की ने अपने घर आकर मां को सब कुछ बताया और थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपी कारोबारी को गिरफ्तारकरते हुए कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है ।

बांधा तालाब सौंदर्यीकरण, विधायक ने किया भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 9 में स्थित बांधा तालाब का सुंदरीकरण एवं गहरीकरण कार्य लागत राशि 164. 73 लाख का भूमि पूजन विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। प्रोजेक्ट को लेकर विधायक द्वारा शुरू से ही प्रयासरत थी माननीय विधायक का यह नगर के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट था इस प्रोजेक्ट को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री एवं नगरी निकाय मंत्री से चर्चा किए तब जाकर आज 164 .73 लाख रुपए की स्वीकृति मिली। नगरी नगर के जनता के सपनों में से एक है जिसे शासन से स्वीकृति मिलने के पश्चात तत्काल कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पंचायत नगरी में बाधा तालाब का सुंदरीकरण होने पर यहां के आम जनता शेयर करने हेतु अच्छाई स्थान के साथ-साथ स्वच्छ जल चौपाटी नौकायान एवं गार्डन के रूप में लाभ मिलेगा। विधायक के नेतृत्व में विकास कार्य धीरे धीरे स्वरूप लेते जा रहा है। जिससे आम जनता को बुनियादी सुविधा का लाभ मिलने लगा है। माता तालाब का कार्य प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है। आम नागरिकों ने विधायक को स्ट्रीट लाइट एवं तालाब सौंदर्यीकरण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किए। भूमि पूजन के अवसर पर आराधना शुक्ला ,अजय नाहटा ,एलएल ध्रुव ,प्रफुल्ल अमतिया ,टिकेश्वर ध्रुव ,जियाउद्दीन रिजवी ,सुनील निर्मलकर ,ललिता साहू ,अश्वनी निषाद ,पूनम छाबड़ा ,सोहन चतुर्वेदी ,प्रकाश पुजारी, भूपेंद्र साहू, विनीता कोठारी ,जितेंद्र ध्रुव ,सुनीता निर्मलकर, पेमन स्वर्णबेर ,भरत निर्मलकर ,नरेश छेदहिया ,विकास बोहरा ,रुद्र प्रताप नाग ,भूषण साहू ,कैलाश प्रजापति ,अखिलेश दुबे ,भानेन्द्र ठाकुर, अनवर राजा, मनोज गुप्ता ,सविता सोंन ,अनुसुइया साहू ,भूपेंद्र ठाकुर, पम्मी ठाकुर ,राहुल ठाकुर एवं नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहेंद्र साहू उप अभियंता झनक लाल उइके उपस्थित थे।

राजीव गांधी को किया स्मरण

नगरी/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि विधायक कार्यालय नगरी में मनाई गई। विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को स्मरण किया। इस अवसर पर डॉ लक्ष्मी ध्रुव ने स्व. गांधी को संचार एवं कम्प्युटर क्रंति का जनक और नए भारत का निर्माता थे। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य लखनलाल ध्रुव, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेंस कमेटी नगरी भूषण साहू, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेंस कमेटी बेलरगांव कैलाशनाथ प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, राजेन्द्र ठाकुर, राजू कावड़े, पार्षद टिकेश्वर ध्रुव, पार्षद जितेन्द्र ध्रुव, सरपंच संघ सचिव नगरी मुनेन्द्र ध्रुव, खम्मन साहू, भरत निर्मलकर, नरेश छैदेया, भूपेन्द्र वर्मा, लक्ष्मी साहू, सरपंच आमगांव आत्माराम सोरी, आसिफ खान, पेमन स्वर्णबेर, नरेगा कर्मचारी नगरी के टी.डी.कश्यप एवं उनके प्रतिनिधि मण्डल शामिल रहे।

न्याय योजना: 26 लाख से अधिक किसानों के खाते में पहुंचे 18 सौ करोड़

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने न्याय योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों को सुनिश्चित किया है। किसानों और समाज के वंचित तबकों को न्याय दिलाने के लिए बीते 3 वर्षों के दौरान अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के जरिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं । राज्य के मुखिया को इस महत्वपूर्ण योजना के सफल क्रियान्वयन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों और समूह से जुड़ी महिलाओं को बड़ी सौगात मिली। राज्य के 26 लाख 68 हजार से अधिक किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, पशुपालकों और गौठानों से जुड़ी समूह की महिलाओं को 1804 करोड़ 50 लाख रुपये की राशि का सीधे उनके बैंक खातों में अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत खरीफ वर्ष 2021-22 की पहली किस्त के रूप में किसानों को 1720 करोड़ 11 लाख रुपए, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमि मजदूर न्याय योजना के तहत 71 करोड़ 8 लाख रुपये और गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों, गौठान समितियों और महिला समूहों को 13 करोड़ 31 लाख रुपये ऑनलाइन अंतरित किया। श्री शर्मा ने बताया कि यहां यह उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत बीते 2 सालों में राज्य के किसानों को 11 हजार 180 करोड़ 10 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। आज 1720 करोड़ 11 लाख रुपये के भुगतान के बाद यह राशि 12 हजार 900 करोड़ 21 लाख रुपए हो गई है। राज्य के गन्ना उत्पादक कृषकों को अब तक प्रदाय की गई। 122 करोड़ 24 लाख रुपये की राशि को शामिल करने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 13 हजार 22 करोड़ 45 लाख रुपये हो गया है। इसी तरह

करोड़ों का भुगतान मिनिटों में पूरा

इस योजना के तहत अब भूमिहीन परिवारों को प्रति वर्ष 7 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है । श्री शर्मा ने कहा कि यशस्वी मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के तहत 13 करोड़ 31 लाख रुपए की राशि का अंतरण गोबर विक्रेताओं, गौठान समितियों और महिला समूह के बैंक खातों में किया। इस राशि को मिलाकर कुल 250 करोड़ 40 लाख रुपए का भुगतान पूरा हो गया है, जिसमें गोबर विक्रेताओं को 140 करोड़ 71 लाख गौठान समितियों को 63 करोड़ 92 लाख रुपये और महिला समूहों को दी गई लाभांश राशि 45 करोड़ 77 लाख रुपये शामिल है। जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के विकास और उन्नति के लिए जो सपने संजोए वह साकार होते दिख रहे हैं। जिन वादों और इरादों के साथ राज्य की कमान संभाली वह प्रदेश की जनता के लिए संजीवनी का काम कर रही है । राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने पूरे देश में छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने का कार्य किया, इनकी योजनाओं का भाजपा शासित राज्यों की सरकारों ने अपने-अपने प्रदेशों में भी इसे संचालित कर रहे है, जो छत्तीसगढ़ की जनता के लिए बड़ी उपलब्धि है।

राज्य के ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को राहत देने के उद्देश्य से संचालित राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत 21 मई को 3 लाख 55 हजार 402 हितग्राहियों को प्रथम किस्त के रूप में 71 करोड़ 8 लाख 4 हजार की राशि जारी की गई।

आदर्श शिक्षक कल्याण संघ ने की सीएम से मुलाकात

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में सीएम भूपेश बघेल के भेंट- मुलाकात कार्यक्रम में आदर्श शिक्षक कल्याण संघ के पदाधिकारी पुरुषोत्तम चंद्रकार, आदि नारायण पुजारी,तरुण सेमल व बुधराम कोरसा ने बीजापुर के विद्यालय, कार्यरत शिक्षक व अध्ययनरत् विद्यार्थियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। आदर्श शिक्षक कल्याण संघ के संस्थापक व अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्रकार ने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का स्वागत करते हुये कहा कि बीजापुर जिले के अधिकांश विद्यार्थी सीबीएसई पाठ्यक्रम को दूसरे राज्यों व छग के अन्य शहरों में जाकर अध्ययन कर रहे हैं। जिससे इन विद्यार्थियों के पालक अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठा रहे हैं । बीजापुर के प्रत्येक विकास खण्ड में एक - एक और स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित किया जाए। सीएम भूपेश के शासनकाल में शाला अनुदान राशि की बढोत्तरी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि

इस राशि से अधिकांश संस्था प्रमुखों ने अपने विद्यालय के शौचालयों में रनिंग वाटर व टाइल्स लगवाये हैं। स्कूलों की रंगाई- पोताई और पौधारोपण का कार्य किये हैं। इसके लिये मुख्यमंत्री जी को समस्त शिक्षकों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। बीजापुर जिले की सबसे बड़ी समस्या पोटा केबिन में अध्ययनरत विद्यार्थियों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दिये कि जिले में संचालित पोटा केबिनों में स्थाई शिक्षकों के पदों की स्वीकृति नही होने के कारण अतिशेष शिक्षकों से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। इन पोटा केबिनों में स्थाई शिक्षकों के पद स्वीकृत करने की मांग की।

मुख्यमंत्री को वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत दी गई पदोन्नति में हुई विसंगती और मई 2005 के बाद नियुक्त हुये शिक्षकों को शासन के नियमानुसार 7 वर्ष पश्चात 2012 में मिलने वाला समयमान वेतनमान का आदेश व एरियर्स राशि 10 वर्ष बाद भी नही मिलने की जानकारी दिये। मुख्यमंत्री जी ने स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खुलने से हिंदी माध्यम के विद्यालय बन्द नही होने की बात कही। अंत में अपने मांग पत्र में कक्षा 11वी व 12 वी में अध्ययनरत् जिन विद्यार्थियों के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है व जो आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी हैं उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान करने का निवेदन किये। आदर्श शिक्षक कल्याण संघ के संस्थापक व सचिव आदि नारायण पुजारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने जिले में कार्यरत शिक्षकों व अध्ययनरत् विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान करने की बात किये। संघ के प्रवक्ता तरुण सेमल ने विद्यालयों को मिलने वाली योजनाओ के लिये मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद प्रेषित करते हुये आभार व्यक्त किये।

15 जून तक चलेगा सदस्यता अभियान : नवनीत

- मुक्ति मोर्चा व जनता कांग्रेस जे के द्वारा तोकापाल मंडल के सिंघनपुर ग्राम पंचायत में सदस्यता अभियान संपन्न

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर जिला अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में तोकापाल मंडल की बैठक ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंघनपुर में मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष भरत कश्यप की अध्यक्षता में रखी गई। जहां ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायत व जिला पदाधिकारी उपस्थित में आगामी 15 जून तक तोकापाल मंडल सहित जगदलपुर शहर सभी वार्डो व अन्य ब्लॉक के सभी ग्राम पंचायत तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। गांव व शहरी वार्डो में निवासरत जनों की जन समस्याओं को सुन उनके समाधान हेतु संयुक्त संघर्ष करने की पहल मुक्ति मोर्चा और जनता कांग्रेस जे के सभी पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

इसी तारतम्य में तोकापाल मंडल की बैठक सिंघनपुर में रखी गई। जहां सिंघनपुर के सक्रिय युवा व तोकापाल मंडल के उपाध्यक्ष मनोज साहू की अगुवाई में सिंघनपुर व अन्य पंचायत के सैकड़ों युवाओं को मुक्ति मोर्चा का जनता कांग्रेस जे की सदस्यता दिलाई गई। मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक व जनता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नवनीत चांद व मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष भरत कश्यप ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते हुए कहा कि मुक्ति मोर्चा व जनता कांग्रेस जे का उद्देश्य बस्तर के विकास अधिकार व जन समस्याओं के समाधान हेतु ना केवल संघर्ष करना है, बल्कि प्रत्येक वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उन्नति कुशलता स्थापित करना हमारा प्रमुख दायित्व है। जिसका हम लगातार निर्वहन कर रहे हैं इसी कड़ी में आगामी 15 जून तक महा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

सदस्यता अभियान में ये रहे उपस्थित

विधानसभा प्रभारी सोनसिंग सेठिय,ब्लाक अध्यक्ष मेहतर सेठिया, उपाध्यक्ष मनोज साहू, लोहण्डीगुड़ा ब्लाक सचिव मंगीराम बैंजाम, पंचायत अध्यक्ष मेहतर कश्यप, ओम मरकाम, लक्ष्मण बघेल, मानस साहू, दसरू बघेल, चेरगा बघेल, लच्छू बघेल, पिलाराम कश्यप, कमलू बघेल, लखन बघेल, शरद मौर्य , बलराम यादव, जगदीश कश्यप, रामेश्वर मौर्य, आजम्बर बघेल, परशुराम, गोखरू बघेल, बंशी राम, तुला राम, कमलु राम बघेल, गोविंद बघेल, कुरसो मौर्य, दशमू मौर्य, मुन्ना कश्यप आदि उपस्थित रहे।

ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष बने आशीष

रामानुजगंज/नवप्रदेश। स्थानीय आमंत्रण धर्मशाला में ओबीसी महासभा की बैठक हुई। ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, रोनियार समाज के जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता आढ़त, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, रोनियार समाज नगर अध्यक्ष स्नेह लता गुप्ता की उपस्थिति में आयोजन किया गया। जिसमें समाज की एकजुटता एवं संगठन विस्तार के संबंध में चर्चा की गई। वही सर्वसम्मति से ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष पद पर आशीष गुप्ता की नियुक्ति हुई। ओबीसी महासभा के बैठक का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र का पूजन करके दीप प्रज्वलित किया। ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ने कहा कि हम सब पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ शासन को न्याय करने की आवश्यकता है। हम सबकी मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करते हुए उसे पूरा करने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। जब जनसंख्या गढ़ना हो उसमें पिछड़ा वर्ग के लोगों की भी जनसंख्या की गणना करानी चाहिए सन 1931 में पहली बार पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए जनगणना हुई थी उस समय हम सब की आबादी 52 प्रतिशत थी परंतु वह आज बहुत बढ़ गई है। ओबीसी महासभा बैठक के संयोजक आशीष गुप्ता ने कहा कि यह अभी शुरुआत है हम लोगों अपने हक की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेंगे। हम सब को एकजुट होकर अपनी बात रखने की आवश्यकता है। बैठक को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बजरंग गुप्ता, उदय गुप्ता, विजय गुप्ता, बसंत गुप्ता, अशोक गुप्ता, आशीष गुप्ता, अमन गुप्ता, जय प्रकाश सराफ रमेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, आलोक गुप्ता, आनंद गुप्ता, गुड़िया जी, आकाश गुप्ता, सुनेहा गुप्ता सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

राज्य सरकार भी कम करे वैट

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राहुल असरानी नो प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एक्साइज ड्यूटी पेट्रोल पर 8 प्रति लीटर डीजल पर 6 प्रति लीटर कम किया गया है, इससे पेट्रोल की कीमत में 9:30 प्रति लीटर एवं डीजल की कीमत में 7 प्रति लीटर की कटौती होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 प्रति सिलेंडर (12 सिलेंडर तक) सब्सिडी दी जाएगी जिससे हमारे माताओं और बहनों को मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने राज्यों से भी अनुरोध किया है कि वह डीजल एवं पेट्रोल की कीमत पर लगने वाले एक्साइज ड्यूटी में कटौती करें एवं जनता को राहत दें। पूर्व में भी केंद्र एवं भाजपा शासित राज्यों द्वारा जनता को

राहत देते हुए पेट्रोल एवं डीजल में लगने वाले एक्साइज ड्यूटी पर कटौती कर राहत दी गई थी। छत्तीसगढ़ सरकार ने कटौती करने का कोई निर्णय नहीं लिया था। पेट्रोल डीजल की कीमतों पर केंद्र को जिम्मेदार ठहराने वाली राज्य सरकारों को भी केंद्र से सीख लेकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती कर जनता को राहत देना चाहिए।

कारोबारी को लूटने वाले 11 लुटेरे गिरफ्तार

■ लुटेरे बोले- हमने तो सिर्फ20 लाख ही लूटे, व्यापारी ने 50 लाख लिखवाए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस ने अनाज कारोबारी से लूट-पाट करने वाले 11 बदमाशों के गैंग को पकड़ लिया है। ये बदमाश माना और आस-पास के इलाकों में छुपे थे। इसमें से 3 अब भी फरार हैं। इस कांड में शामिल युवकों के पास से लूट की रकम करीब 8 लाख रुपए, कारोबारी को पीटने में इस्तेमाल स्टंप, डंडे, वारदात में इस्तेमाल मोबाइल और बाइक को भी पुलिस ने जब्त किया है। गिरफ्तार हुए बदमाशों ने कहा है कि उन्होंने केवल 15 से 20 लाख की रकम लूटी। व्यापारी ने एफआईआर में 50 लाख की लूट बताई है।

तीन बदमाश अभी भी फरार

शनिवार को ग्रामीण एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि इस केस में 11 लोगों को पकड़ा गया है। इसमें 2 नाबालिग भी शामिल हैं। घटना में शामिल तीन और बदमाश अभी फरार हैं। गिरफ्तार हुए लड़कों के पास से कैश मिला है। कुछ पैसा इन बदमाशों ने अपने लेनदारों को बांट दिया। गिरफ्तार हुए बदमाशों ने कहा है कि उन्होंने केवल 15 से 20 लाख की रकम लूटी। व्यापारी ने एफआईआर में 50 लाख की लूट बताई है। पुलिस के मुताबिक अब बाकी फरार आरोपियों के गिरफ्त में आते ही कैश को लेकर स्थिति साफ होगी।

माना तूता रोड के जंगल में बनाया लूट का प्लान

आरोपी शिव ने पुलिस को बताया कि माना तूता रोड के पास जंगल में सभी लोगों की मुलाकात होती थी। सब यहीं बैठकर लूट की वारदात को कैसे अंजाम देना है इसकी प्लानिंग करते थे। सभी को पैसों की जरूरत थी इसलिए सभी इस कांड को अंजाम देने में शामिल हो गए। शिव ने ही अपने इलाके के बाकी लड़कों को इस वारदात को अंजाम देने के लिए राजी किया। घटना के बाद सभी अलग-अलग फरार हो गए। वारदात के दो दिन बाद आरोपी देवेन्द्र धृतलहरे, अजय उर्फ अज्जू और शिव कुमार कोसले ने लूट की रकम आपस में बांट ली थी। कैश बैग में इन बदमाशों को कारोबारी का एटीएम कार्ड एवं बैंक पास बुक भी मिली। शिव कुमार कोसले अपने साथी शशिकांत और बनवारी के साथ एटीएम गया और कारोबारी के खाते से 40 हजार रुपए निकाल लिए। बदमाशों को कारोबारी की बैंक डीटेल्स भी मिल गई थी।

इस लूटकांड को अंजाम देने वाला मास्टर माइंड देवेन्द्र धृतलहरे, अज्जू और इनका एक साथी तिलक अब भी फरार है। पकड़े गए बदमाशों में शिव कुमार कोसले, मनीष यादव, टिकेश चतुर्वेदी, सूरज महेश्वर, नरेन्द्र बंजारे उर्फ बबलू, अगम दास कोसले, शशिकांत चतुर्वेदी, बनवारी यादव और दो नाबालिग शामिल हैं। ये सभी अभनपुर और मुजगहन के रहने वाले हैं।

डूमरतराई में काम करता था लूट का मास्टरमाइंड

पुलिस टीम को जांच के दौरान डूमरतराई थोक बाजार में काम करने वाले देवेन्द्र धृतलहरे और अजय उर्फ अज्जू के बारे में पता चला। साथ में यह भी पता लगा कि ये लोग गायब हैं और आपराधिक आदतों वाले भी हैं। डूमरतराई में ही लूट के शिकार हुए कारोबारी नरेंद्र खेतपाल की दुकान है। पुलिस टीम ने देवेन्द्र धृतलहरे और अजय उर्फ अज्जू को ढूंढना शुरू किया। इस बीच पुलिस को अभनपुर के केन्द्री में रहने वाले शिव कुमार कोसले के बारे में पता चला। यह बात पुख्ता हुई कि ये भी इस कांड में शामिल हैं। पुलिस ने शिव को अभनपुर जाकर पकड़ा। शिव ने बताया कि लूट की पूरी वारदात का मास्टर माइंड देवेन्द्र धृतलहरे और अजय उर्फ अज्जू है। यही दोनों जानते थे कि कारोबारी नरेंद्र अक्सर अपनी दुकान बंद करने के बाद कैश लेकर घर जाता है। घटना के 10 दिन पहले दोनों ने शिव से संपर्क किया और शुरू हुई प्लानिंग।

ये हुआ था 16 मई की रात

डूमरतराई के थोक मार्केट से अनाज कारोबारी नरेंद्र खेतपाल 16 मई की रात अपने घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आए 9 बाइक सवारों ने घेर लिया और डंडे-स्टंप से बुरी तरह पीटा। बदमाश रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। आरोपी जो बैग लेकर भागे उसमें कारोबारी के बैंक अकाउंट की डिटेल्स भी थे। बदमाशों ने कैश लूटने के बाद बैंक डिटेल के आधार पर खाते से भी रकम निकाली थी।

सीएम बताएं वैट कम कर राहत देंगे या बयान की घुट्टी : साय

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाने के निर्णय का पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने स्वागत किया है। दोनों नेताओं ने राज्य सरकार से पेट्रोल-डीजल पर वेट घटाने की मांग की है ताकि छत्तीसगढ़ को और लाभ हो सके। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 8 रुपये और डीजल पर 6 रुपये कम कर दिया हैं जिससे पेट्रोल की कीमत 9.5 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 7 रुपए प्रति लीटर कम हो जाएगी। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 200 रुपये सब्सिडी मिलेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि केंद्र सरकार से तो जनता को राहत मिल गई अब राज्य सरकारों की बारी है। उन्होंने

कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनता 1को बताएं कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जनता को राहत देने के लिए पेट्रोल-डीजल में कितना वैट कम करेगी। विष्णु देव साय ने कहा कि इससे पूर्व भी जब केंद्र सरकार ने 5 रुपये और 10 रुपये की राहत दी थी तब भी और अब भी पेट्रोल डीजल के नाम पर सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेस ने खूब राजनीति की थी। साय ने सीएम से पूछा है कि वह वैट कम करके राहत देंगे या इस बार भी बयान की घुट्टी देंगे।

महापौर ढेबर ने रात्रिकालीन सफाई अभियान से बाजारों को स्वच्छ बनाने के दिये निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने निगम जोन क्रमांक 6 के अन्तर राज्यीय बस टर्मिनल भवन भाटागांव के तृतीय तल पर जोन 6 की जोन अध्यक्ष श्रीमती निशा देवेन्द्र यादव के चेम्बर का फीता काटकर उद्घाटन किया। महापौर श्री एजाज ढेबर ने जोन नम्बर 6 के कार्यों की एमआईसी सदस्य श्री सतनाम सिंह पनाग, पार्षद श्रीमती सरिता वर्मा, श्रीमती सावित्री जयमोहन साहू, श्री चन्द्रपॉल घनगर गुड्डू जोन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समीक्षा की एवं जोन के सभी विभागों के कामकाज की जानकारी जोन कमिश्नर एन. आर. चन्द्राकर एवं कार्यपालन अभियन्ता एस.पी. त्रिपाठी से विस्तृत रुप में लेकर जनहित की दृष्टि से आवश्यक निर्देश दिये। महापौर एजाज ढेबर ने जोन 6 के वार्डों में अवैध प्लाटिंग के सभी प्रकरणों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करके रोक लगाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आदेशानुसार प्रारम्भ की गयी ऑनलाइन बिल्डिंग परमिशन योजना का सभी को समान रूप से राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लोकहितैषी निर्देशानुसार पूर्ण वांछित लाभ देने सभी आवासीय नक्शे तय समयसीमा के भीतर स्वीकृत करने के निर्देश दिये हैं। महापौर ने प्रतिदिन रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक जोन 6 के सभी बाजारों के मुख्य मार्गो की गुणवत्तायुक्त सफाई करवाना नियमित सतत मॉनिटरिंग करके सुनिश्चित करवाने जोन 6 के जोन कमिश्नर को निर्देशित किया है। महापौर श्री एजाज ढेबर ने सभी अप्रारम्भ एवं स्वीकृत नये विकास कार्यों को तत्काल प्रारम्भ करवाने एवं वर्तमान में जारी विकास कार्यों को तत्काल गतिमान करते हुए बारिश के पूर्व गुणवत्तायुक्त तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जोन 6 के राजस्व विभाग की वसूली की समीक्षा के दौरान जोन कमिश्नर ने महापौर को वित्तीय वर्ष में 90 प्रतिशत राजस्व वसूली होने की जानकारी दी, जिस पर महापौर ने जोन के वार्डों में स्थित निगम के बड़े बकायादारों से सम्पूर्ण बकाया वसूलने जोन में बड़े बकायादार होने की स्थिति में नियमानुसार कड़ाई करके बकाया वसूला जाना सुनिश्चित करने के निर्देश निगम हित में दिये हैं। महापौर ने बारिश प्रारम्भ होने के पूर्व जोन 6 के सभी बड़े एवं छोटे नालों एवं नालियों की तले तक पूर्ण सघन सफाई करवाकर निकास को सुगम बनाया जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। महापौर ने कहा कि यह सुनिश्चित कर लें कि बारिश में जोन के तहत आने वाले किसी भी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिये।

पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने नमन कर दी पुष्पांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने 21वीं सदी के प्रणेता कंप्यूटर क्रांति के जनक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुये पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ महंत ने कहा कि 40 साल की उम्र में देश के सबसे युवा और नौवें प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल करने वाले राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार कहे जा सकते हैं। वह पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने देश में तकनीक के प्रयोग को प्राथमिकता देकर कंप्यूटर के व्यापक प्रयोग पर जोर डाला। भारत में कंप्यूटर को स्थापित करने के लिए उन्हें कई विरोधों और आरोपों को भी झेलना पड़ा, लेकिन अब वह देश की ताकत बन चुके कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, राजीव गांधी जी देश के युवाओं में काफी लोकप्रिय नेता थे, उनका भाषण सुनने के लिए लोग काफी इंतज़ार भी करते थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में कई ऐसे फैसले लिए जिसका असर देश के विकास पर देखने को मिला। शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल है। राजीव ने कई साहसिक कदम उठाए जिनमें श्रीलंका में शांति सेना का भेजा जाना, असम समझौता, पंजाब समझौता, मिजोरम समझौता आदि शामिल है।

राजीव भवन में याद किये गये राजीव गांधी

कांग्रेसजनों ने आतंकवादी विरोधी शपथ लिया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन, रायपुर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री राजीव गांधी जी की 31वी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा कर आयोजन किया गया तथा राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर आतंकवाद विरोध कर शपथ उपस्थित कांग्रेसजनों को दिलाया गया। शपथ में हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्ण शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करते हैं।÷ हम मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझ-बूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते हैं। कार्यक्रम का संचालन एवं शपथ प्रदेश के प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला एवं सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अरूण ताम्रकार ने दिलाया।

इस अवसर पर विधायक कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, सभापति प्रमोद दुबे, अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेन्द्र छाबड़ा, योग आयोग अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, आरडीए के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, विचार विभाग अध्यक्ष हसन खान, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य शकुन डहरिया, रायपुर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिह ठाकुर, श्रीकुमार मेमन, नंद कुमार पटेल, इंदरीश गांधी, शिव सिंह ठाकुर, प्रकाशमणि वैष्णव, अरूण जंघेल, शारिक रईस खान, सुमित दास, किरण सिन्हा, पूजा देवांगन, निवेदिता चटर्जी, नितिन ठाकुर, अमर परचानी, सुंदर लाल जोगी, शब्बीर खान, अशोक राज आहुजा, रहान खान, मो. फहीम, भुनेश्वरी डहरिया, अनुसुईया राय, सुनीता शर्मा, राधा राजपाल, चोवा राम साहू, रिजवान अफरोज, दिपा बग्गा, माधव साहू अनिता पिल्ले, सिमरन तिवारी, धनसिंह यादव, पदमा कहार, संगीता तिवारी, सुषमा सामतराय, मुन्ना मिश्रा, दिनेश फुटान, नरेश निषाद, नेहाल खान, राजकुमार वर्मा, डॉ. अन्नू राम साहू, जयनारायण, मोहित धृतलहरे, देवा साहू, मनी राम साहू, तिलक कुमार नायक, हाजरून बानो, तेजस्विनी वर्मा, आशा सोनी, पूनम यादव, आरती राव, अंकित कुमार मिश्रा, महेन्द्र कुमार देवांगन, तरूण कुमार, दाउलाल साहू, जीवन लाल यादव, डॉ, रामेश्वर सोनवानी, संतोष गुप्ता, सुरेश यादव, शिवनारायण साहू, अशोक सिंह ठाकुर, सिलास मसीह चरण, सागर वाकडे, अनामिका ताम्रकार, जी. श्रीनिवास, गौतम यादव, विनोद, संजय सोनी, शशि भूषण गौतम, दिनेश ठाकुर, जगदीश आहुजा, रवि गवलानी, संतोष, अनिल, डुमार यादव, रानू डुरे, सुदीप होर, अजय जोशी, मनोज पाल, सकलेन कामदार, दिवाकर साहू, सुंदर लाल, नीलम नीलकण्ठ, मुरली मनोहर मरकाम, भवानी सिंह मरकाम, प्रवीण नसरे सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

किसानो, गरीबों, गौपालको के हित में काम कर रही कांग्रेस सरकार : मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में कोण्डागांव में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में न्याय योजना के तीसरे वर्ष की पहली किश्त के अन्तरण कार्यक्रम में शामिल हुये। इसके अलावा वे राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना के तथा गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की राशि का अन्तरण किया एवं कोण्डागांव शहर में राजीव गांधी आश्रम योजना के तहत पट्टा वितरण का कार्यक्रम में शामिल हुये।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अपने वायदे को पूरा करने के लिये कांग्रेस सरकार ने किसानों की मदद के लिये राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरूआत किया जिसमें किसानों को प्रति एकड़ उतनी ही सहायता देना शुरू किया जितना की धान की कीमत का 2500 रू. होता है। इस योजना में पहले साल धान के अलावा गन्ना और मक्का उत्पादक किसानों को भी सहायता दी गयी। यह सहायता चार किश्तों में दी जाती है। किसानों को घोषित समर्थन मूल्य से अतिरिक्त सहायता देने की कांग्रेस प्रतिबद्धता ने न्याय योजना के माध्यम से प्रति एकड़ की राशि देने का निश्चय किया दो वर्ष की चार किश्तों के भुगतान के बाद इस वर्ष की 1700 करोड़ की पहली किश्त दी जायेगी। धान उत्पादक किसानों को अंतर राशि 9000 रु की इनपुट सब्सिडी के साथ वैकल्पिक खेती कोदो कुटकी रागी ,दलहन तिलहन उत्पादक किसानों को 10000 रु. प्रति एकड़ की सहायता से तथा फलदार वृक्ष लगाने वाले किसानों को भी 10000 रु. प्रति एकड़ की सहायता के प्रावधान से छत्तीसगढ़ के किसान निश्चित तौर पर एक लाभदायक फसल चक्र की ओर अग्रसर होंगे। कांग्रेस सरकार किसानों, गरीबो के हितो में काम कर रही है।

वर्मी खाद के गुणवत्ता परीक्षण हेतु जांच दल का गठन

रायपुर/नवप्रदेश। प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति टेकारी (कुंडा) विकासखंड आरंग में कृषको को विक्रय हेतु गोठान के माध्यम से भंडारित वर्मी खाद के गुणवत्ता पर पूर्व विधायक आरंग श्री नवीन मारकण्डे द्वारा विडियो क्लिप सोशल मिडिया पर जारी किया गया था। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार द्वारा इस विडियो क्लिप को संज्ञान में लेते हुए उप संचालक कृषि जिला रायपुर को टेकारी समिति में भंडारित वर्मी खाद की जांच हेतु अनुविभागीय कृषि अधिकारी रायपुर के नेतृत्व में जांच दल गठित करने निर्देशित किया गया है। गठित जांच दल द्वारा वर्मी खाद का नमूनें एकत्रित कर गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रयोगशाला को प्रेषित किया जावेगा। प्रयोगशाला से परीक्षण परिणाम प्राप्ति उपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान में उर्वरक निरीक्षक द्वारा उपरोक्त स्टॉक के विक्रय पर रोक लगा दी गई है।

भाजपा और नक्सलियों में सांठगाठ: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। धरना प्रदर्शन के संदर्भ में जारी दिशा निर्देशो के विरोध में नक्सलियों ने बयान जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा इसके पहले भारतीय जनता पार्टी भी इस निर्देश के विरोध में आंदोलन कर चुकी है। प्रदेश में धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिये अनुमति लेने का नियम पहले से लागू है। 15 साल तक रमन सरकार इस नियम का पालन करवाती थी तब नक्सलवादियों ने इसका विरोध क्यों नहीं किया था आज भाजपा और नक्सलियों का सुर एक क्यों हो गया? यह इससे साफ हो रहा है कि नक्सलवादियों और भाजपा में सांठ गांठ है जो भाजपा चाहती है वही नक्सली भी चाहते है। 15 साल तक जो नियम कायदे भाजपा की सरकार के लिये मुफीद थे वह नक्सलियों को भी मंजूर था। जब सरकार बदल गयी भाजपा को आपत्ति हो गयी। नक्सली भी विरोध में आ गये। भाजपा के 15 साल के राज में नक्सलवाद ऐसे ही नहीं बस्तर के तीन ब्लाक से निकल कर पूरे प्रदेश में फैल गया था। भाजपा नक्सलवाद को खाद, पानी देती रही तभी प्रदेश में नक्सलवाद का विस्तार हुआ। झीरम में कांग्रेस नेताओं की पूरी पीढ़ी की नक्सलियों द्वारा किये गये हत्याकांड का राजनैतिक लाभ भी तो भाजपा को ही हुआ था। छत्तीसगढ़ में नक्सलवादी और भाजपा एक दूसरे के पूरक हैं। धीरे-धीरे भाजपा का यह नापाक गठबंधन बेनकाब हो गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने कहा कि भाजपा और नक्सलियों के विचारधारा लगभग एक है दोनों भारत के संविधान के विपरीत काम करने में विश्वास रखते हैं जिस प्रकार से नक्सली संगठन ने भाजपा के मुद्दे को समर्थन किया है भाजपा भी डरा धमका कर अपनी राजनीतिक मंशा को पूरा करना चाहती है और नक्सली भी बंदूक और जान का भय दिखाकर नागरिकों के विकास को बाधित कर रही है इससे स्पष्ट समझ में आता है कि छत्तीसगढ़ में 15 साल में दो विकासखंड तक सीमित संवाद 14 जिलों तक कैसे पहुंच गया 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों ने मतदान करने जाने वालों के उंगलियों को काटने की धमकी दिए थे उस दौरान भाजपा निर्वाचन आयोग के सामने जाकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान करने वालों के उंगली में स्याही नहीं लगाने की मांग किए थे।

अग्रवाल ने हनुमान चालीसा के ब्रेल लिपि संस्करण पुस्तक का किया विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। आज बृजमोहन अग्रवाल द्वारा हनुमान चालीसा के ब्रेल लिपि संस्करण पुस्तक का विमोचन समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल नागपुर एवं दि ब्लाइंड रिलिफ एसोसिएशन, नागपुर के संयुक्त उपक्रम द्वारा निर्मित व संत गुलाब राव महाराज संगणक केंद्र, अंध विद्यालय नागपुर के द्वारा किया गया। विमोचन का कार्यक्रम श्रीमती शुभांगी आप्टे के उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर हीरापुर अंध विद्यालय की छात्रा कु. मंदाकनी रघुवंशी व संध्या पैकरा ने ब्रेल लिपि के पुस्तक का वाचन किया।

रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 24 मई को प्लेसमेंट कैंप आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने 24 मई को प्लेसमेंट कॅम्प आयोजित किया जा रहा है। कैंप पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार नार्गदर्शन केंद्र-रायपुर में आयोजित की जाएगी। जिला रोजगार विभाग रायपुर के उप संचालक ने बताया कि निजी क्षेत्र के नियोजकों ब्लूचीप जॉब्स लिमिटेड रायपुर, एपियर टेक्स एण्ड रेजी. तथा सुमित बाजार, रायपुर द्वारा सर्विस इंजिनियर, एच.आर. एक्सीक्यूटीव, टेली कॉलर, बावर्ची आया, वाहन चालक, गार्डनर, वेटर, रेस्टोरेंट हेल्पर, काउंसलर, मैनेजर, एकाउंटेंट, ऑफिस ब्वाय, रिसेप्सनिस्ट, सर्वेयर, डेवलपमेंट मैनेजर, स्टोर मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर आदि के 120 से अधिक पदों के लिए न्यूनतम 8 हजार से 25 हजार रूपये मासिक वेतन पर अनपढ़ से स्नातक/आई.टी.आई डिप्लोमा आदि उत्तीर्ण आवेदकों को रोजगार दिया जाना है।

उन्होंने बताया कि अनुभवी, योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर, साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते है। आवेदक सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करते हुए प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे।

रासेयो — गर्व से कहती हूँ कि मैं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक रही हूँ: राज्यपाल सुश्री उइके

राज्यपाल ने सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का किया शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मैं गर्व से कहती हूँ कि मैं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक रही हूँ, राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और जीवन में सकारात्मक बदलाव आये। उक्त बातें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के संगठना व्यवस्था के तत्वाधान में 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन अमलेश्वर स्थित रामचंद्र मिशन आश्रम में किया जा रहा है। राज्यपाल सुश्री उइके सह अथितियों ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि 21 से 27 मई तक चलने वाले राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 12 राज्यों से स्वयंसेवक शामिल होने पहुंचे हैं, जहां विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक व शारीरिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राष्ट्रीय एकता शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार करने तथा युवाओं को देश की सांस्कृतिक विविधताओं से परिचय कराने में यह शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन से राष्ट्रीय सेवा योजना से मेरा जुड़ाव रहा है। यह ऐसा मंच है जो न केवल राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत करता है बल्कि आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है और आपको सम्मान दिलाता है। मैं हमेशा गर्व से कहती हूं कि मैं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक रही हूं और इससे मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव आये हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि अनुशासन, जनसेवा, एकता की भावना और व्यक्तित्व का विकास राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल हैं। निश्चित ही हमारी भावी पीढ़ी राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देगी और हमारे सांस्कृतिक वैविध्य और विरासत को सहेजने का काम करेगी। इसके माध्यम से युवाओं की ऊर्जा और शक्ति को सकारात्मक दिशा देकर देश का विकास संभव होगा। उन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि मैं इन शिविरों में भाग लेती थी और इसी के परिणाम स्वरूप ही मेरे भीतर समाज सेवा की भावना जागृत हुई और मैं सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रियता से भाग लेनी लगी। छात्रों की मदद के लिए सदैव आगे रही और उस समय मुझे बड़ी लोकप्रियता भी मिली।

27% आरक्षण को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशध्यक्ष अखिलेश सोनी के निर्देशानुसार पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला संगठन प्रभारी देवेंद्र जायसवाल के आतिथ्य में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीस लटिया के मार्गदर्शन में एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग समाज को 27त्न आरक्षण लागू कर दिया है, परन्तु प्रदेश के कांग्रेस सरकार द्वारा 27त्न आरक्षण लागू नही किया जा रहा है। आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला कांकेर के बैनर तले 24 मई दिन मंगलवार को समय 12:00 से 3:00 बजे तक कलेक्ट्रेट रोड़ शीतला मंदिर परिसर में जिलास्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपे जाना सुनिश्चित किया गया है। जिले में निवासरत सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला के समस्त पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, एवं मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी मोर्चा/प्रकोष्ठ / के समस्त पदाधिकारी/ कार्यकर्तागण व नगरपालिका / नगर पंचायत/जनपद पंचायत /जिला पंचायत के जनप्रतिनिधिगण सादर अपेक्षित है।

दुकानदारों की जवाबदारी दुकान खुली रहने तक वाहनों को किनारे खड़ी करवाये

सक्ती/नवप्रदेश। रात्रि 10 बजे तक जितनी दुकाने है बंद हो जानी चाहिये जब तक खुली रहेगी तब तक वाहनों को दुकानदारों की जवाबदारी है कि वह वाहन एकदम किनारे में खडी करवायें जिससे आने जाने वाले राहगिरों को कोई परेषानियों का सामना न करना पड़े उक्त बाते नगर निरीक्षक रूपक षर्मा ने पैदल घुम घुम कर ठेले एवं दुकानदारों को सख्त हिदायत दी । अग्रसेन चैक से महाकाल तक जो वाहने सड़कों पर खडी कर समान खरीददारी करेगें उनके उपर सख्त कार्यवाही की जायेगी । इसी प्रकार पुरेन्हापार में चैपाटी जो षाम से देर रात्रि तक लगती थी उनको भी 10 बजे तक चैपाटी बंद करने का निर्देष देते हुये और जो गाड़ियों को सड़क पर रखेगा चाहे वह चार चक्का हो या दो चक्का हो उनके उपर भी कार्यवाही की जायेगी । इसी प्रकार पूरे षहर में अग्रसेन चैक से नवधा चैक होते हुये परषुराम चैक से अस्पताल रोड होते हुये गौरव पथ में जो वाहने खडी रहेगी उनके उपर कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी । फुटकर ठेले व्यवसायियों का मानना है कि जो आम नागरिक समान खरीदने लेने आता है तो अपनी वाहनों को किनारे कर समान खरीददारी करना चाहिये जिससे कि आम नागरिकों को परेषानियों का सामना न करना पड़े। परंतु ग्राहक अपनी वाहन को जहां पाते है वहां खडी कर देते है जिसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ता है। हम तो अपनी रोजी रोटी कमाने के लिये दुकान चलाते है।

मॉडल हाट बाजार में मिल रही लोगो को बेहतर सुविधाएं

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। राज्य का पहला एन्ट्री-एक्जिट द्वार वाला मॉडल हाट बाजार जिले के गीदम विकासखण्ड अंतर्गत बारसूर में निर्माण किया गया है। बस्तर क्षेत्र में हाट बाजार का अपना एक अलग ही महत्व है। हाट बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा समझी जाती है। जिला प्रशासन की पहल से ग्रामीणों को सर्व सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मॉडल हाट बाजार का निर्माण किया गया है। पहला मॉडल हाट बाजार जहां पर लोगो को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। बाजार स्थल के चारों तरफबाउंड्रीवाल से घिराव किया गया है। पहली बार हाट बाजार में एन्ट्री और एक्जिट हेतु सुनियोजित द्वार बनाए गए है जहां ग्रामीणों या व्यापारियों द्वारा लाए गए माल या उत्पाद का वजन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण निर्धारित कीमत पर सामान का विक्रय कर सकें साथ ही एक्जिट द्वार पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि उन्हें उनके समानों का उचित मूल्य प्राप्त हुआ है या नहीं। मॉडल हाट बाजार होने से छोटे व्यापारियों के लिए वजन मशीन के द्वारा लाये गये सामानों का वजन कर स्थानीय बोली में बताया जाता है। बाजार में ही खाद्य सामग्री को सुरक्षित रखने हेतु ड्रई व कोल्ड स्टोरेज की सुविधा दी गई है ताकि विक्री के बाद बचे हुए उपज को अगले बाजार तक सुरक्षित रखा जा सके। बारसूर हाट बाजार में शेड व चबुतरे बनने से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सुव्यवस्थित योजनाबद्ध तरीके से अपने द्वारा लाये गये सब्जी एवं अन्य सामाग्रियों का क्रय एवं विक्रय करने में सुविधा हो रही है। वहीं बाजार स्थल पर पेयजल हेतु टंकी, विद्युत, महिला एवं पुरूषों के लिए शौचालय व्यवस्था की गई है, साथ ही वनधन केन्द्र की व्यवस्था की सुविधा होने से आम नागरिकों को कापी सुविधा मिल रहा है। मॉडल हाट बाजार से लगभग 200 व्यापारियों को लाभ मिल रहा है।

जुआ फड़ से तीन जुआरियों सहित 2470 रुपये मोबाइल पल्सर बाइक जब्त

एक धमतरी जिले से दो भानूप्रतापपुर के आरोपी

जुआ सट्टा खुडखुड़ी वालो की जानकारी जुटाकर कडी कार्यवाही की जाएगी : थाना प्रभारी

एसपी के सख्ती के बाद कोरर के हाटकर्रा में रोजाना सज रही जुआ की महफिल

> उच्चअधिकारियों के निर्देश पर हाटकर्रा में 10 से अधिक जुआडी मौजूद थे। उनके मुखबिर की भनक से दबिश के पहले भाग निकले लेकीन तीन जुआड़ीयो को पकड़ने में टीम को सफलता मिली ।बहुत जल्द जुआडियो को सरक्षण देने वाले सहित जुआडियो को जल्द पकड़ने रणनीति बनाकर कार्यवाही की जाएगी।
>
> **रविशंकर साहू**
> **थाना प्रभारी कोरर**

कांकेर/नवप्रदेश। जुआ सट्टा ऑनलाइन सट्टा खुडखुड़ी पर जिले के पुलिस कप्तान शलभ सिन्हा की सख्ती का असर साफ देखा जा सकता है ।21 मई को कोरर के हाटकर्रा में चल रहे जुआ की खबर को **नवप्रदेश** ने बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जुआ की खबर को प्रमुखता से संज्ञान में लेकर कोरर पुलिस की कार्यवाही से कांकेर एसपी शलभ सिन्हा की सख्ती का असर साफ देखा जा सकता है।

दैनिक नवप्रदेश ने कोरर के हाटकर्रा में चल रहें लाखो के जुआ की ख़बर को बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित कर पुलिस विभाग के संज्ञान में लाया गया था। ख़बर के बाद पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ बघेल व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना क्षेत्र में नक्सली संवेदनशील जंगल पहाड़ का फायदा उठाते हुये अवैध रूप से जुआ खेलने की सूचना पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही करने के निर्देश उपरांत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डा. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोरर उप निरीक्षक रविशंकर साहू द्वारा विशेष टीम गठित कर सादी वर्दी में जवान लगाकर सूचना एकत्र किया गया ।

जुआ पकड़ने बनाई टीम को पहली बार में मिली सफलता

कोरर तहसील के हाटकर्रा का जंगल जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र

का फायदा उठाकर जंगल में ताश के 52 पत्तो में हारजीत का दांव लगाने का दावा सही साबित हुआ। जुआ खेलने की सटीक मुखबिरी के बाद टीम प्रभारी सउनि पुरूषोत्तम ठाकुर प्रआर शैलेश मंडावी, आरक्षक मनोज साहू श्रवण ठाकुर कामेश्वर पुसरिया सआर.लल्लीराम मंडावी की विशेष टीम 21 मई को ग्राम हाटकर्रा अन्तर्गत बीच जंगल मैदान पहाड़ी के पास घेरानंदी किया गया मौके पर ताश के 52 पत्ते से रूपये पैसे का दांव लगाकर हारजीत का खेल खेल रहे जुआड़ी सैम पॉल पिता राजेन्द्र पॉल उम्र 30 वर्ष रिसाईपारा धमतरी हाल-कन्हारगांव पूरन विश्वकर्मा पिता शिवकुमार विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष उमेश कुमार विश्वकर्मा पिता स्व0 मन्नूराम विश्व उम्र 32 वर्ष ग्राम कन्हारगांव थाना भानुप्रतापपुर जिला कांकेर एक जुआरियों के पास व फड़ से नगदी रकम 2470.00 रूपये ताश के 52 पत्ते एक नग 01 नग अथजली मोमबत्ती, बजाज पल्सर मोटर साइकिल सीजी 19 बीएन-3762 के अलावा तीन नग मोबाइल फोन को जप्त किया गया। आरोपियों का कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट का पाये जाने से 21 मई को गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के खिलाफ थाना कोरर में अपराध क्र. 35 / 2022 धारा 13 जुआ एक्टर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के विरूद्ध पुलिस के समक्ष ही मुखबीर को डराने धमकाने कस करने पर इस्व.क्र.-12-29/2022 धारा 151/107, 316 (3) जाफी.तैयार कर न्यायालय भानुप्रतापपुर पेश किया गया।

केन्द्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर वैट कम कर दिया अब राज्य सरकार वैट कम करें : प्रकाश

कांकेर/चारामा। केंद्र सरकार ने लोगों को राहत देते हुए शनिवार को पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटा दिया है। रविवार से पेट्रोल 9.50 रुपये प्रति लीटर और डीजल 7 रुपये प्रति लीटर सस्ती मिलेगी। इसके साथ केंद्र सरकार ने उज्वला योजना के गैस सिलिंडर के दाम को 200 रुपये कम करने का निर्णय लिया है। इसका भाजपा मण्डल चारामा ने स्वागत किया है। भाजपा मण्डल चारामा के अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे जनता के लिए बड़ी राहत बताया है। उन्होंने कहा कि जिस समय पूरी दुनिया में रुस- यूक्रेन युद्ध के कारण उर्जा की कीमत उच्च स्तर पर है। ऐसे समय में मोदी सरकार द्वारा तेल की कीमतों में कटौती करना, हिम्मत वाला निर्णय है। उन्होंने उज्वला योजना के गैस सिलिंडर में 200 रुपये की कमी को सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे माताओं-बहनों को बड़ी राहत मिलेगी। मण्डल अध्यक्ष जोतवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनहित में बड़ा फैसला लिया है। इससे देश की जनता, मध्यम वर्ग सहित ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। किसानो को भी आने वाले सीजन में लाभ मिलेगा। वहीं उज्वला योजना के नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों को अब 200 रुपये प्रति सिलेंडर सब्सिडी देने के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे हमारी माताओं-बहनों को राहत मिलेगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के निर्णय को महंगाई पर बड़ा प्रहार बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा ही देश की जनता के हितों का पूरा ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि पिछले नवंबर में भी केंद्र सरकार ने अपने हिस्से के टैक्स को कम कर जनता को राहत दी थी। परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य सरकार से वैट कम करने की अपील के बाद भी छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने राजकीय वैट को अब तक कम नही किया है। राज्य सरकार को अतिशीघ्र अपने हिस्से के वैट को कम करना चाहिए।

नि :शुल्क मेगा स्वास्थ्य कैम्प आज

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय बलरामपुर में 23 मई को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम(चिरायु) अंतर्गत जिले में कार्यरत चिरायु दलों द्वारा विभिन्न कैटेगरी अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक के चिन्हांकित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु आयुष्मान भारत में अनुबंधित निजी चिकित्सालय श्री संकल्प हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक (कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट) एवं जिला स्तर के विशेषज्ञ चिकित्सक हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, एम.डी. मेडिसीन, कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ एवं जनरल सर्जन, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट के द्वारा 23 मई 2022 को जिला चिकित्सालय बलरामपुर में स्वास्थ्य सेवाएं दी जावेगी।

ली गई आतंकवाद विरोधी शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 मई को ''आतंकवाद विरोधी दिवस'' मनाने का निर्णय लिया गया है। जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में आज आयोजित राजीवगांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना तथा भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि का अंतरण कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीवगांधी की पूण्यतिथि के अवसर पर जनप्रतिनिधियों, किसानों और अधिकारी कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी शपथ लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष श्री मिथिलेश स्वर्णकार, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री मनोज सिंह मण्डावी, संसदीय सचिव एवं विधायक श्री शिशुपाल शोरी, अंतागढ़ विधायक अनूप नाग, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य नितिन पोटाई, गौसेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्री बिरेश ठाकुर, जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम, जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पड़ोटी, श्रीमती मिथलेश शोरी, जनपद सदस्य राजेश भास्कर, श्रीमती सियो पोटाई, कलेक्टर श्री चन्दन कुमार, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी और बड़ी संख्या में कृषकगण मौजूद थे।

जन सहयोग समाजसेवी संगठन ने डाकघर न्यू कम्युनिटी हॉल कृषि उपसंचालक दफ्तरों के आसपास चलाया स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। जन सहयोग सामाजिक संगठन ने कांकेर मुख्य डाकघर से लेकर जल प्रयोगशाला कृषि उपसंचालक कार्यालय होते हुए नए कम्युनिटी हॉल तक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसकी प्रशंसा करते हुए वन मंडल कांकेर के अधिकारियों ने अपने जैव विविधता कार्यक्रम में जन सहयोग संस्था को बुलाकर सम्मान सहित उनका सहयोग लिया। आज का कार्यक्रम अत्यंत सुखद एवं दर्शनीय हो गया, जिसकी शहर भर में सराहना की जा रही है। आज के इस अत्यंत सफल कार्यक्रम में जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी संरक्षक मशहूर वकील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दवे चिकित्सक डॉ श्याम देव, बल्लू यादव पटवारी प्रवीण गुप्ता धर्मेंद्र देव शैलेंद्र देहारी राजेश चौहान संजय मंशानी चरण यादव, करण नेताम चंद्रशेखर देव दिनेश मोटवानी कृष्णा चौरसिया,प्रमोद सिंह ठाकुर भूपेंद्र यादव बहादुर यादव, चरण सिंह अभिषेक यादव प्रतीक पटेल सोनू चौहान गोलू मसीह आदि ने अत्यंत उत्साह पूर्वक कार्यक्रम संपन्न करने में सहयोग दिया। जन सहयोग संस्था द्वारा आज पुनः अपील की गई कि जहाँ जहाँ सफाई की जा रही है, वहां वहां कोई फिर से कचरा ना फैला पाए इसका ध्यान रखना आम जनता का कर्तव्य है।आप थोड़ा सा ध्यान देंगे तो हम लोग बहुत कुछ करने को तैयार हैं। यदि सबका इसी तरह सहयोग रहा तो हमारा शहर हर एक बार फिर सुंदर शहर कहलाने का हक़दार हो जाएगा।

प्रथम पेज का शेष

एक ही छत के नीचे ...

ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। संस्थान में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक कैंसर वार्ड और 20 बिस्तरों के अत्याधुनिक आईसीयू वार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, राजस्व एवं बिलासपुर के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, सांसद अरूण साव, विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर अरूण सिंह चौहान भी कार्यक्रम से वर्चुअल रूप से जुड़े। मुख्यमंत्री निवास में विधायक शैलेष पांडेय और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डॉ.मनिंदर कौर द्विवेदी, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. विष्णु दत्त भी उपस्थित थे।

कैंसर के इलाज की मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा-

राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि संभाग मुख्यालय बिलासपुर में राज्य कैंसर संस्थान खुलने से छत्तीसगढ़ वासियों को कैंसर के इलाज की अत्याधुनिक सुविधा का लाभ मिलेगा।

एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी प्रकार के कैंसर के इलाज की सुविधा

राज्य कैंसर संस्थान के भवन निर्माण के लिए 34.50 करोड़ एवं उपकरण के लिए 80.70 करोड़ रूपये खर्च होंगे। राज्य कैंसर संस्थान में सभी प्रकार की कीमोथिरेपी, जैसे - टार्गेटेड, इम्यूनो, मॉलिकुलर, मेटरोनोमिक सुविधा निःशुल्क मिलेगी। यहां अत्याधुनिक रेडियोथेरेपी मशीन से इलाज किया जाएगा। दो लीनियर एक्सीलरेटर, कोबाल्ट ब्रेकीथेरेपी यूनिट, पी.ई.टी. स्कैन मशीन, सीटी सिमुलेटर, एमआरआई मशीन और कैंसर अनुसंधान के लिए सभी अत्याधुनिक साधन राज्य कैंसर संस्थान में उपलब्ध होंगे। स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख एवं गले का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, बड़ी आंत एवं गुदा का कैंसर, पेट के कैंसर, यकृत, पित्त की थैली के कैंसर, हड्डी के कैंसर, ब्लड कैंसर का इलाज एक ही छत के नीचे हो सकेगा।

प्रमुख सचिव स्वास्थ्य डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने राज्य कैंसर संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर बिलासपुर डॉ. सारांश मित्तर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

क्वाड में भारत का ...

राष्ट्रपति जो बाइडन और ऑस्ट्रेलिया तथा जापान के प्रधानमंत्रियों के साथ शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि मोदी अपनी यात्रा के दौरान 30 से अधिक जापानी सीईओ और सैकड़ों भारतीय प्रवासी सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एक रात टोक्यो में बिताएंगे और दो रात विमान में यात्रा करेंगे।

सिद्धू की सुरक्षा...

आत्मसमर्पण कर दिया। शनिवार की शाम करीब साढ़े सात बजे औपचारिकताएं पूरी करने के बाद सिद्धू को बैरक में बंद कर दिया गया।

पिता सहित मासूम...

मृतक की पत्नी व ग्रामीणों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। विधायक ने कहा इस हृदय विदारक घटना में शोक-संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। भरतपुर विधायक गुलाब कमरो ने ग्रामीणों के विरोध को शांत कराया। अधिकारियों की उपस्थिति में मृतक बच्ची व पिता का पोस्टमार्टम जनकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया व शव को परिजनों को सौप दिया गया। बेहद मार्मिक इस हादसे के बाद वन विभाग ने जहां पिता और मासूम बेटी के असामयिक निधन पर परिवार को 25-25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की वहीं मौके पर उपस्थित विधायक गुलाब कमरो ने राज्य शासन से परिवार को 6-6 लाख रूपए का मुआवजा दिलाए जाने की घोषणा की।

घटना स्थल पर डीएफओ लोकनाथ पटेल, एसडीएम अरूण कुमार सोनकर, तहसीलदार अशोक सिंह, थाना प्रभारी दीपेश कुमार सैनी, जनकपुर रेंजर चंद्रमणी तिवारी, सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

सड़क हादसे में...

पिन्टू निवासी ग्राम महला थाना शोहरतगढ़ की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। तीन अन्य घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुयी है।

भारत में पेट्रोल-डीजल ...

लगाया गया था कि पाकिस्तान की राजनीति में अमेरिका का जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप है और इसी वजह से उनके देश के पास एक स्वतंत्र विदेश नीति नहीं है। उनकी नजरों में भारत ने एक स्वतंत्र विदेश नीति बना रखी है, जिस वजह से उसे किसी के सामने झुकने की जरूरत नहीं पड़ती। अब जब पेट्रोल-डीजल के दाम कम कर दिए गए हैं, तो इमरान इसे भी उसी नजरिए से देख रहे हैं और अपने ही देश पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

भारत ने अमेरिका के प्रेशर को सही तरीके से झेला-

इमरान खान ने अपने ट्वीट में लिखा है कि क्वाड का हिस्सा होने के बावजूद भी भारत ने अमेरिका के प्रेशर को सही तरीके से झेला। अपने प्रयासों के दम पर उसने रूस से सस्ते में तेल भी खरीदा। हमारी सरकार भी पाकिस्तान में ऐसा ही कुछ हासिल करने की कोशिश कर रही थी। ये सबकुछ स्वतंत्र विदेश नीति के दम पर किया जा सकता है।

पाकिस्तान में महंगाई के टूटे सारे रिकार्ड-

वैसे इमरान खान ने ये ट्वीट उस समय किया है जब पाकिस्तान में महंगाई के सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। वहां पर जरूरी सामानों की कीमत आसमान छू रही है। कहने को रूस-यूक्रेन युद्ध इसका एक कारण माना जा रहा है, लेकिन पाकिस्तान में पिछले कुछ सालों से लगातार महंगाई में बेतहाशा बढ़ोतरी देखने को मिली है।

बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह ...

तृणमूल कांग्रेस के बड़े नेता थे, लेकिन चुनाव से पहले उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया था। बीजेपी ने 2019 में उन्हें बैरकपुर से टिकट भी दे दिया था और वो बैरकपुर से जीतकर सांसद चुने गए. इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व बीजेपी सांसद बाबुल सुप्रियो भी बीजेपी छोड़ टीएमसी में शामिल हो चुके हैं। अब अर्जुन सिंह भी अगर टीएमसी में शामिल होते हैं तो ये बीजेपी के लिए तगड़ा झटका होगा।

तुंहर कांग्रेस तुंहर द्वार अभियान के लिए जिला एवं विधानसभा वार समिति गठित

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के महत्वपूर्ण अभियान तुंहर कांग्रेस तुंहर द्वार संचालित करने का निर्णय लिया गया था। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी अर्जुन तिवारी के आदेश एवं सहमति से कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा अभियान के लिए जिला एवं विधानसभा वार कार्यक्रम के संचालन हेतु समितियों का गठन किया गया है। इस अभियान के संयोजक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिंह ही होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता शिशिर द्विवेदी ने बताया कि जिला स्तरीय समिति में श्री मोतीलाल देवांगन, चैनसिंह सामले, चुन्नीलाल साहू, श्रीमती सरोजा मनहरण राठौर, श्रीमती यनिता चंद्रा, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, गुलजार सिंह, अनिल चंद्रा के साथ समस्त सम्माननीय मंडल, निगम के अध्यक्ष, सदस्य समिति में विशेष रूप से आमंत्रित सदस्य के रूप में मार्गदर्शन देंगे। विधानसभा वार समितियों में विधानसभा जांजगीर चांपा दिनेश शर्मा, रवि पाण्डेय, रमेश पैगवार, राधेलाल थवाईत, विधानसभा अकलतरा में वाहिद खान, उत्तम पाटले, प्रशांत शर्मा, नवल सिंह, विधानसभा पामगढ़ में रवि भारद्वाज, श्रीमती शेशराज हरबंश, गोरेलाल बर्मन, श्री मनोज खरे, घासीराम चौहान, विधानसभा जैजैपुर टेकचंद चंद्रा, अमर सिंह बनाफर, बलराम चंद्रा, बालेश्वर साहू समिति के सदस्य बनाए गए हैं। विधानसभा स्तरीय समिति में विधानसभा अंतगत समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गण, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष, कांग्रेस पक्ष के जिला पंचायत सदस्य गण पदेन सदस्य होंगे एवम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयोजन में कार्यक्रम का संचालन करेंगे। विधानसभा सक्ती और चंद्रपुर में कांग्रेस विधायक गण के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित होगा।

अभियान का उद्देश्य

तुंहर कांग्रेस तुंहर द्वार अभियान, छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, निर्णयों और हितग्राही मूलक योजनाओं को घर घर पहुंचाना तथा जनता से जुड़े मुद्दों से संबंधित आवेदन, विभागीय प्रकरणों में संगठन और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मदद पंहुचाने संबंधी दस्तावेज एकत्र कर प्रकरण के निराकरण संबंधी पहल करना ही मुख्य उद्देश्य है। इस अभियान में विधानसभा, ब्लॉक स्तर के नेताओं से लेकर जोन, सेक्टर और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

कार्तिक की 'भूल भुलैया-2' सिनेमाघरों में हुई रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 2' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को खूब पसंद आया था, जिसके बाद फैंस बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। फिल्म के रिलीज होने के बाद कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा,÷ भापे निकल गयी प्रमोशन कर-करके। ' अभिनेता अपनी इस फिल्म के प्रमोशन में खूब मेहनत की है,और यही वजह है कि उनके फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुक थे, जो आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी। फिल्म निर्देशक अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2007 में आई अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म 'भूल भुलैया' का सीक्वल है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी, तब्बू और राजपाल यादव मुख्य भूमिक में हैं।

माधुरी दीक्षित ने तेजाब के रीमेक पर प्रतिक्रिया दी

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने तेजाब के रीमेक बनाये जाने पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि यदि कोई तेजाब के रीमेक को बेहतरीन तरीके से बना रहा है तो वह उसकी क्रिएटिविटी है। वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म 'तेजाब' में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित ने मुख्य भूमिका निभायी थी। फिल्म तेजाब ने माधुरी दीक्षित के करियर को एक नया मुकाम दिया था। निर्माता मुराद खेतानी ने एन चंद्रन के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेजाब' के राइट्स खरीद लिए हैं। माधुरी दीक्षित ने तेजाब के रीमेक बनाये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है।

27 मई को रिलीज होगी गणेश आचार्य की फ़िल्म 'देहाती डिस्को'

पटना (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने कोरियोग्राफर गणेश आचार्य अभिनीत हिंदी डांस फ़िल्म 'देहाती डिस्को' 27 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'देहाती डिस्को' फ़िल्म डांस के साथ - साथ पिता-पुत्र के रिश्ते पर इर्द-गिर्द आधारित है। फ़िल्म में गणेश के बेटे की भूमिका सक्षम शर्मा हैं। फ़िल्म में रवि किशन भी एक महत्वपूर्ण किरदार में नज़र आने वाले हैं। फ़िल्म 'देहाती डिस्को' के प्रमोशन के सिलसिले में राजधानी पटना पहुंचे गणेश आचार्य ने कहा कि फ़िल्म बेहद खूबसूरत बनी है। ट्रेलर को अभी तक लोगों ने खूब सराहा है, इसलिए उम्मीद है कि फ़िल्म को भी दर्शकों का प्यार मिलेगा। इस फ़िल्म में मेरे बेटे का किरदार निभा रहे सक्षम के साथ हमारा डांस का फेस ऑफसबसे अहम पार्ट है, जो दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देगा। मास्टर गणेश आचार्य ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए काफी स्पेशल है। फिल्म की पूरी टीम ने शानदार काम किया है। हमारी फिल्म दर्शकों पर अपनी गहरी छाप छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि देहाती हमारी संस्कृति है और डिस्को पश्चिमी संस्कृति है। यह फिल्म दोनों के बीच संघर्ष को दर्शाती है। दो संस्कृतियां और यह हमारी भारतीय संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम को भी दर्शाती है।

वहीं, सक्षम शर्मा ने कहा कि मैंने गणेश सर से बहुत कुछ सीखा। अब उनके साथ स्क्रीन शेयर करना बेहद अच्छा लग रहा है। मैं शुरू में बहुत घबराया हुआ था। उन्होंने मुझे सिखाया कि बीट्स पर हमेशा तेज कदम करना जरूरी नहीं है, बल्कि परफॉर्म करना है, सहज और नरम तरीके से। मुझे उम्मीद है कि सभी को मेरा परफॉर्मेंस पसंद आएगा। गीतेश चंद्राकर, कुरेशी प्रोडक्शंस प्रा.लि. के वसीम कुरेसी और वन एंटरटेनमेंट फ़िल्म प्रोडक्शन के कमल किशोर मिश्रा फिल्म देहाती डिस्को के निर्माता और मनोज शर्मा निर्देशक है। फिल्म में गणेश आचार्य, रवि किशन, मनोज जोशी, राजेश शर्मा, साहिल एम खान व मास्टर सक्षम मुख्य भूमिका में है। जबकि रेमो डिसूजा गेस्ट एपीयरेंस में नजर आने वाले है।

'नो एंट्री' के सीक्वल में डबल रोल में नजर आयेंगे सलमान खान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान सुपरहिट फिल्म 'नो एंट्री' के सीक्वल में डबल रोल में नजर आयेंगे। बॉलीवुड निर्देशक अनीस बज्मी वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म 'नो एंट्री' का सीक्वल 'नो एंट्री में एंट्री' बनाने जा रहे हैं।अनीस बज्मी ने बताया है कि 'भूल भुलैया 2' की रिलीज के बाद उनकी अगली फिल्म 'नो एंट्री में एंट्री' है। इसके लिए उन्हें सलमान खान से भी हरी झंडी मिल गई है।अनीस बज्मी ने बताया है कि सलमान खान और सलीम खान को 'नो एंट्री में एंट्री' की स्क्रिप्ट पसंद आई है। फिल्म पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि 'नो एंट्री' के सीक्वल में सलमान खान का डबल रोल होगा।

' नो एंट्री में एंट्री' में सलमान खान के अलावा अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आएंगे। इन तीनों की जोड़ी 'नो एंट्री' में भी थी। अनीस बज्मी ने बताया, 'मेरी अगली फिल्म 'नो एंट्री में एंट्री' होगी।

आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर आईपीएल फिनाले के दिन होगा लॉन्च

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' के ट्रेलर का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। जो इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है।

आमिर खान और करीना कपूर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर 29 मई 2022 को रिलीज होगा। इस दिन आईपीएल का फिनाले भी होगा। आमिर और इस फिल्म के निर्माता अभिनीत ने जानबूझकर इस दिन अपनी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने का फैसला किया है, जो सिनेमा और क्रिकेट के प्रशंसकों के लिए बहुत ही अद्भुत होगा। इस फिल्म का ट्रेलर 29 मई को होने वाले फिनाले मैच के दूसरे रणनीतिक समय के दौरान स्टार स्पोर्ट्स पर टेलीविजन पर लाइव स्ट्रीम होगा, जो विज्ञापन और मार्केटिंग की दुनिया में कीर्तिमान स्थापित करेगी। यह इतिहास में पहली बार है। कभी किसी फिल्म का विश्व टेलीविजन प्लेटफॉर्म और खेल जगत पर भव्य ट्रेलर लॉन्च होने वाला है।

न्यूज गैलरी

आईजीएल ने सीएनजी के दाम बढ़ाएं

नई दिल्ली (वार्ता)। महंगाई की मार के बीच इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने जनता को एक ओर झटका दे दिया है। कंपनी ने दिल्ली में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के दाम में दो रुपये प्रति किलो की बढ़ोत्तरी कर दी है। कंपनी द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के मुताबिक, इस वृद्धि के साथ राजधानी में सीएनजी के दाम 75.61 रुपये प्रति किलो हो गए हैं और दामों में की गयी बढ़ोतरी आज से लागू होगी।इस बढ़ोतरी के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी 78.17 रुपये प्रति किलो तथा गुरुग्राम में इसकी कीमत 83.94 रुपये किलो हो गई है। गौरतलब है कि पिछले 6 दिनों में दूसरी बार सीएनजी की कीमत बढ़ी है। इससे पहले 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये प्रति किलो बढ़े थे।

मित्रभा गुहा ने जीता पहला डायनेमो शतरंज टूर्नामेंट

कोलकाता (वार्ता)। ग्रैंडमास्टर मित्रभा गुहा ने गुरुवार रात अपने उस्ताद और पश्चिम बंगाल के पहले ग्रैंडमास्टर दिव्येंदु बरुआ को डायनेमो शतरंज प्रतियोगिता के फ़ाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान के लिये हुए मुकाबले में अर्पण दास ने कौस्तुव कुंडु को हराकर ट्रॉफी और ईनाम राशि जीती। इस टूर्नामेंट में राष्ट्रमंडल खेलों के मेडलिस्ट और हेस्टिंग्स मास्टर्स के तीन बार के विजेता ग्रैंडमास्टर दीप सेनगुप्ता भी शामिल हुए, जिन्हें ग्रैंडमास्टर बरुआ ने क्वार्टरफाइनल में हरा दिया था।

जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास, आईपीएल में ऐसा कारनामा करने वाले बने पहले भारतीय

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल के इतिहास इतिहास रह दिया है। उन्होंने मौजूद सीजन में 15 विकेट पूरे कर लिए है। यह 7वीं बार है जब बुमराह ने आईपीएल के एक सीजन में 15 या उससे अधिक विकेट चटकाए हैं। जसप्रीत ऐसा करने वाले पहले भारतीय और टूर्नामेंट के दूसरे गेंदबाज हैं। बुमराह से पहले ये कारनामा लसिथ मलिंगा के नाम है। वहीं इस दामदार प्रदर्शन से बुमराह मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर्स की लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने 148 विकेट अपने नाम किए हैं। जयप्रीत बुमराह ने हरभजन सिंह को पीछे किया।

सरकार ने बांस के चारकोल पर से निर्यात प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्र सरकार ने बांस के चारकोल पर से निर्यात हटा लिया है। इससे कच्चे बांस का उपयोग सुधरने और बांस उद्योग को अधिक लाभ होने की उम्मीद है।

सूक्ष्?म, लघु एवं मध्?यम उद्यम मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बांस के चारकोल का निर्यात बांस के कचरे का संपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करेगा और इस तरह बांस के कारोबार को और अधिक लाभदायक बनाएगा। कच्चे माल के रूप में बांस के चारकोल की अमेरिका, जापान, कोरिया, बेल्जियम, जर्मनी, इटली, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में काफी संभावनाएं हैं।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना में कहा गया है कि बांस के चारकोल के निर्यात को अनुमति उचित दस्तावेज या मूल प्रमाण पत्र के आधार पर दी जाती है, इस दस्तावेज से पता लगना चाहिए की यह चारकोल बनाने के लिए उपयोग में लाया गया बांस वैध स्रोतों से प्राप्त किया गया है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस निर्णय से कच्चे बांस की उच्च लागत में कमी आएगी और ज्यादातर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बांस आधारित उद्योग को आर्थिक रूप से लाभ होगा।

उन्होंने कहा, ÷अंतरराष्ट्रीय बाजार में बांस के चारकोल की भारी मांग है और सरकार द्वारा निर्यात पर से प्रतिबंध हटाने से भारतीय बांस उद्योग इस अवसर का लाभ उठाने और वैश्विक स्तर पर भारी मांग का फायदा उठाने में सक्षम होगा। यह बांस के कचरे का अधिकतम उपयोग भी सुनिश्चित करेगा और इस प्रकार प्रधानमंत्री के कचरे से धन (वेस्ट टू वेल्थ) की परिकल्पना को साकार करने में योगदान देगा।÷

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय बांस उद्योग वर्तमान में बांस के अपर्याप्त उपयोग के कारण अत्यधिक उच्च लागत की समस्या से जूझ रहा है। देश में बांस का उपयोग ज्यादातर अगरबत्ती के निर्माण में किया जाता है। अगरबत्ती के निर्माण के क्रम में अधिकतम 16 प्रतिशत बांस का उपयोग बांस की छड़ें बनाने के लिए किया जाता है, जबकि शेष 84 प्रतिशत बांस पूरी तरह से बेकार हो जाता है।गोल बांस की छड़ियों के लिए बांस की लागत 25,000 रुपये से लेकर 40,000 रुपये प्रति टन के दायरे में है, जबकि बांस की औसत लागत 4,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये प्रति टन है।

फिक्की अराइज स्कूलों को देगा उत्कृष्टता पुरस्कार

नई दिल्ली (वार्ता)। फिक्की अराइज ने सामाजिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूलों को मान्यता देने के लिए फिक्?की अराइज एक?सीलेंस अवॉर्ड्स की शुरुआत की है। इसमें शिक्षा क्षेत्र, असमानता में कमी, जलवायु कार्रवाई और धरती पर जीवन के संबंध में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) पर विशेष ध्यान रखने के साथ सामाजिक नवाचारों में कार्य करने वाले स्कूलों को सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कारों के लिए आवेदनों का पंजीकरण शुरू हो चुका है और इसकी अंतिम तिथि 31 मई, 2022 होगी। फिक्की अराइज ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि ज्?यूरी सदस्यों का एक विशेषज्ञ पैनल विभिन्न स्तरों पर आवेदनों का मूल्यांकन करेगा। इस पहल के माध्यम से नवाचार, प्रभाव, स्थिरता और मापनीयता के ज़रिए सामुदायिक सेवा में उत्कृष्टता के मानदंड स्थापित करने वाले स्कूलों को मान्?यता प्रदान करना है। फिक्की अराईज के चेयरमैन शिशिर जयपुरिया ने कहा,÷फिक्की अराइज़ एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के इस संस्करण की अवधारणा चैंपियंस ऑफ चेंज (बदलाव के विजेता) को मान्यता देने के लिए की गई है, जिन्होंने समुदाय को सेवा प्रदान करने में असाधारण करुणा और विनम्रता का प्रदर्शन किया है। फिक्?की अराइज़, इस पहल के माध्यम से शिक्षा में स्थिरता और समावेशिता के प्रतिमान को पोषित करने और उसमें तेज़ी लाने का प्रयास करता है और सामाजिक परिवर्तन के लिए कार्रवाई को प्रेरित करता है।

गुरुग्राम की छह छात्राएँ खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मलखम्ब स्पर्धा में दिखाएंगी दम

गुरुग्राम (वार्ता)। हरियाणा के पंचकूला में चार से 13 जून तक होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गुरुग्राम के भगवती आर्य कन्या गुरूकुल की छह छात्राएं मतखम्ब स्पर्धा में अपना दम दिखाएंगी। वैसे तो जिले से 37 खिलाड़ी इन खेलों में दमखम दिखाएंगे। इनमें से गुरुकुल की मानसी, दिशा यादव,दीक्षा, निशा, सुनैना तथा सपना ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मलखम्ब प्रतियोगिताओं में भागीदारी करते हुए प्रतियोगियों को कड़ी चुनौती दी और अब इनका चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए भी हुआ है। गुरुकुल संचालक डॉ रवींद्र आर्य तथा संचालिका दमयंती देवी की देखरेख में ये छात्राएं नियमित अभ्यास तथा कठोर शारीरिक परिश्रम कर खेलो इंडिया के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी हैं। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने बताया कि मलखंब एक प्राकृतिक एवं पारम्परिक भारतीय खेल है । मलखंब दो शब्दों से मिलकर बना है -मल्ल और खम्ब। इसे अंग्रेजी में जिम्नास्ट तथा पोल कहा जाता है। उन्होंने बताया कि मलखम्ब कम समय में पूरे शरीर का अधिकतम व्यायाम करवाता है। इसमें शरीर के प्रत्येक अंग का हाथ से पैर की उंगली तक का भी व्यायाम होता है।

मुंबई ने दिल्ली को 5 विकेट से हराकर किया आईपीएल से बाहर

मुंबई। आईपीएल 2022 के 69वें मैच में मुंबई ने दिल्ली को हराकर आइपीएल से बाहर कर दिया है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में मुंबई के सामने जीत के लिए 160 रनों का लक्ष्य था जिसे उसने 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुंबई की तरफसे इशान किशन ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 34 और टिम डेविड ने 34 रन की शानदार पारी खेली। इस जीत के साथ दिल्ली आईपीएल से बाहर हो गई है और आरसीबी ने प्लेआफमें जगह बना ली है। इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैच में टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली की टीम ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 159 रन बनाए। दिल्ली की तरफसे रोवमैन पावेल ने 43 और रिषभ पंत ने 39 रनों की पारी खेली थी।

160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की तरफसे पारी की शुरुआत कप्तान रोहित शर्मा और इशान किशन ने की लेकिन जल्द ही टीम ने 25 रन के स्कोर पर रोहित शर्मा का विकेट खो दिया। दूसरे विकेट के लिए ब्रेविस और किशन ने 51 रन जोड़े लेकिन 48 के निजी स्कोर पर किशन को कुलदीप यादव ने वार्नर के हाथों कैच करा दिया। तीसरा झटका डेवाल्ड ब्रेविस के रूप में लगा जिन्हें 37 के निजी स्कोर पर शार्दूल ठाकुर ने क्लीन बोल्ड कर दिया। चौथा झटका टिम डेविड के रूप में लगा, उन्हें 34 के निजी स्कोर पर शार्दूल ने पृथ्वी के हाथों कैच कराया।

दिल्ली के ओपनर डेविड वार्नर ने बेहद निराश किया और सिर्फ5 रन के स्कोर पर डेनियल सैम्स की गेंद पर बुमराह के हाथों कैच आउट हुए। इसके बाद मिचेल मार्श को बुमराह ने गोल्डन डक पर आउट करके दिल्ली को दूसरा झटका दे दिया। पृथ्वी शा ने 23 गेंदों पर 24 रन की पारी खेली और बुमराह की गेंद पर ईशान किशन को कैच थमा बैठे। सरफराज खान मयंक मार्कंडे की गेंद पर 10 रन बनाकर कैच आउट हो गए। रिषभ पंत ने 33 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली और रमनदीप सिंह की गेंद पर आउट हुए। रोवमैन पावेल ने 43 रन की पारी खेली और बुमराह ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शार्दुल ठाकुर ने 4 रन बनाए और रमनदीप सिंह की गेंद पर आउट हो गए।

ऊबर ने की नई उत्पाद सुविधाओं की घोषणा

नई दिल्ली (वार्ता)। ऐप आधारित टैक्सी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी ऊबर ने आज ड्राइवरों एवं राइडर के लिए प्लेटफ़ॉर्म अनुभव को बेहतर बनाने के लिए नई उत्पाद सुविधाओं और पहलों की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि राइड कैंसिलेशन, राइड के दौरान एयर कंडीशनिंग चालू नहीं करना या ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करने से मना करना आदि मुद्दों के समाधान के लिए नए उपाय शुरू किए हैं। ऊबर इंडिया के हेड ऑफ सेंट्रल ऑपरेशंस नीतीश भूषण ने कहा, ऊबर में, हमारा उद्देश्य ड्राइवरों और राइडर के लिए सुरक्षा और विश्वसनीयता का माहौल बनाना है, इसके अलावा कोई भी अनुभव हमें स्वीकार नहीं होगा। इसके साथ ही हाल में ही हुए किराए में बढ़ोतरी का राइडर्स तथा ड्राइवर्स दोनों को एक अच्छा अनुभव देते हुए विश्वसनीय एवं उच्च गुणवत्ता वाली सेवा प्रदान करना है।

चयन | 16 टीमें फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया में हिस्सा लेंगी

महिला विश्व कप के लिए 13 टीमों ने अपना स्थान किया सुरशित

मुम्बई (वार्ता)। इस महीने की शुरुआत में यूईएफए विमेंस अंडर-17 चैंपियनशिप के समापन के साथ तीन यूरोपीय देश मेजबान भारत, चाइना पीआर, जापान, न्यूजीलैंड, अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील, चिली और कोलंबिया के साथ भारत में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप इंडिया 2022 में खेलने वाले देशों में शामिल हो गए हैं। सीएएफ के सदस्य संघों - कैमरून, तंजानिया, इथियोपिया, नाइजीरिया, घाना और मोरक्को के बीच तीन और स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा होनी है। 16 टीमें इस साल अक्टूबर में भारत में पहली बार होने जा रहे फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया में हिस्सा लेंगी। 24 जून को ज्यूरिख में फीफा अंडर-17 विमेंस वलर्ड कप इंडिया के लिए आधिकारिक ड्रॉ निकाला जाएगा और तब जाकर सभी टीमों को यह पता चलेगा कि उनका सामना किससे होना है।

यूईएफए विमेंस अंडर-17 चैंपियनशिप के विजेता जर्मनी और उपविजेता स्पेन ने फाइनल में जगह बनाने के बाद पहले ही भारत की अपनी यात्रा के लिए टिकट आरक्षित करा लिया था। इस बीच, फ्रांस ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में नीदरलैंड्स को हराकर टूर्नामेंट के लिए अपना स्थान बुक किया।

ब्राजील और कोलंबियाई टीमों ने जहां सोशल मीडिया पर भारत की आगामी यात्रा के बारे में अपना उत्साह दिखाया है वहीं फ्रांसीसी कोच सेसिल लोकाटेली ने अपनी टीम के दृष्टिकोण से कहा, ÷विश्व कप में खेलना खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छा है। हमने इससे पहले साल 2012 में विश्व कप जीता था और उस टीम की कई सदस्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यह एक शानदार अनुभव होगा। सबके लिए। कर्मचारियों और कोचों के लिए यह सीखने के लिए एक बहुत अच्छी प्रतियोगिता है। इससे हमें यह सीखने को मिलेगा कि हम युवा खिलाड़ियों की प्रगति में कैसे मदद कर सकते हैं।÷

कनाडा की खिलाड़ी क्लेयर लोगान ने भी फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया में खेलने के बारे में अपने उत्साह को सोशल मीडिया पर साझा किया। लोगान ने लिखा, ÷हम क्वालीफाई करके बहुत खुश हैं। हम इस अविश्वसनीय अवसर के लिए मैदान और उसके बाद कड़ी मेहनत जारी रखेंगे। ÷

फीफा अंडर-17 विमेंस वर्ल्ड कप इंडिया 2022 के मुकाबले भुवनेश्वर, गोवा और नवी मुंबई में 11 से 30 अक्टूबर 2022 के बीच खेले जाएंगे।

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर का सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में कोरोना महामारी के कारण दो साल के बाद स्कूल फिर से खुल रहे हैं, ऐसे में दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नागरिकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाने के लिए अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गाज़ियाबाद के राधा कृष्णा पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में 2100 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ ने हिस्सा लिया और सुरक्षित राइडिंग के गुर सीखे। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया।

कंपनी ने कहा कि सड़क सुरक्षा शिक्षा, सड़क सुरक्षा की मानसिकता विकसित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीयों को सड़कों पर सुरक्षित बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत ऑन-ग्राउण्ड सड़क सुरक्षा ट्रेनिंग फिर से शुरू कर दी गयी है। इस अभियान के माध्यम से बच्चों को कल के सुरक्षा दूत के रूप में शिक्षित करना है साथ ही व्यस्कों को भी सड़क सुरक्षा का महत्व समझाया जा रहा है।

बस्तर फाइटर्स भर्ती में महिलाओं के साथ थर्ड जेंडर भी दिखा रहे दमखम

जगदलपुर/नवप्रदेश। नक्सलियों से मुकाबला करने के लिए बस्तर के युवाओं की एक विशेष टीम बस्तर फाइटर्स की भर्ती प्रक्रिया 9 मई से शुरू हुई । दस्तावेज जांच के उपरांत सभी अभ्यार्थियों को प्रवेश पत्र दिया गया है । आज अनुसूचित जाति वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा समस्त वर्ग (तृतीय लिंग) के महिला अभ्यार्थियों का शारीरिक मापदंड दक्षता की परीक्षा ली गई । जिसमें 100 मीटर, 3000 मीटर, हाई जंप, लॉन्ग जंप और गोला फेक में महिलाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षा ली गई । इनमें तृतीय लिंग के 2 अभ्यार्थी ने भी हिस्सा लेकर अपनी योग्यता साबित की ।

बस्तर संभाग लंबे समय से नक्सलवाद से जूझ रहा है, वही बस्तर के युवा भी नक्सलवाद के कारण भटक गए हैं। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए रोजगार के अवसर दिलाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर फाइटर की एक नई बटालियन बनाने की घोषणा की थी। इसी उद्देश्य के चलते बस्तर के स्थानीय युवाओं में देश सेवा जागृत करने के साथ-साथ रोजगार दिलाने का काम राज्य सरकार कर रही है । विशेष पुलिस बल के गठन के तहत बस्तर संभाग के सातों जिलों के इक्कीस सौ जवानों को पहले चरण में नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। बस्तर के आदिवासी युवाओं को राहत देने के लिए सरकार ने शारीरिक मापदंड के साथ-साथ शैक्षणिक योग्यता में भी छूट देने का निर्णय लिया है। जैसे आंध्र प्रदेश में ग्रेहाउड्स फोर्स के जवानों से नक्सली खौफ खाते हैं, वैसे ही बस्तर फाइटर्स के जवानों से भी नक्सली के अंदर खौफ पैदा होगा । बस्तर फाइटर्स के आरक्षक की भर्ती प्रक्रिया 9 मई से 15 जुलाई तक चलेगी । जिसने प्रत्येक जिले में तीन सौ आरक्षको की भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में 9 मई से 21 मई तक जिला मुख्यालय में आरक्षक पद के उम्मीदवारों के प्रमाण पत्रों की जांच, शारीरिक मापतौल, एवं शारीरिक प्रवीणता संबंधी प्रक्रिया कराई जाएगी । बस्तर जिले में यह प्रक्रिया 5वीं बटालियन कगोली गीदम रोड में किया जा रहा है ।

> जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा ने हमारे संवाददाता से चर्चा के दौरान बताया कि बस्तर फाइटर्स के आरक्षक की भर्ती प्रक्रिया 9 मई से 15 जुलाई तक चलेगी । जिसमें भर्ती प्रक्रिया के तहत सबसे पहले महिला अभ्यार्थियों को बुलाया जा रहा है । आज महिला अभ्यर्थियों के अंतिम दिन शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतु अभ्यार्थियों से 100 मीटर, 3000 मीटर, लोंग जंप, हाई जंप और गोला फेक में अभ्यार्थियों ने भाग लिया । वही आज भर्ती प्रक्रिया में दो तृतीय लिंग के अभ्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया । शारीरिक दक्षता परीक्षण में प्रवीणता संबंधी प्रक्रिया के बाद लिखित परीक्षा ली जाएगी ।
>
> **जितेंद्र सिंह मीणा,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर

ग्रामीण अंचल लोलकी कछाड़ी मझगवां भगवतपुर सहित 9 ग्रामों में विधायक ने लगाई जनचौपाल

- **कछाड़ी सरपंच सहित 105 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश**

कोरिया /सोनहत/नवप्रदेश। विधायक गुलाब कमरो का जनसम्पर्क एवं जन चौपाल कार्यक्रम अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार जारी है विधायक गुलाब कमरो ने अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान सोनहत विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छिंगुरा भगवतपुर कछाड़ी जोगिया लोलकी मझगवां, रजपुरी भलुवार ,परिहत, में जन चौपाल लगा कर लोगो से संवाद किया ।ग्रामीणों की समस्या सुन कर उनका त्वरित निराकरण किया सहज सरल अंदाज में पेड़ के नीचे जमीन पर ग्रामीणों के साथ बैठ कर छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दिया विधायक कमरो ने जमीन पर बैठ, बुजुर्गो व माताओं बहनों की मांगों व समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना।

जोगिया कछाड़ी में बनेगा सामाजिक भवन

विधायक गुलाब कमरो ने जोगिया एवं कछाड़ी में जन सम्पर्क के दौरान ग्रामीणों की मांग पर ग्राम कछाड़ी में चेरवा समाज के लिए और ग्राम जोगिया में गोंड समाज हेतु सामाजिक भवन की घोषणा किया। ग्राम भगवतपुर एवं लोलकी में सांस्कृतिक शेड की घोषणा किया।

मझगवां में रात को लगाई चौपाल –

विधायक गुलाब कमरो पहुच विहीन एवं दूरस्थ ग्राम मझगवां भी पहुचे मझगवां में रात्रि कालीन समय मे भारी भीड़ के बीच विधायक ने ग्रामीणों से जन संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी, इस दौरान समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। विधायक ने बुजुर्गो और बच्चो के बीच भी काफी वक्त बात गुजरा।

विकास के लिए नही होगी राशि की कमी

विधायक गुलाब कमरो ने जन चौपाल के दौरान क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी दी, उन्होंने सुंदरपुर सड़क, बसवाहि सड़क, कररी विक्रमपुर बोडार सड़क समेत तमाम सड़को की जानकारी दी, सभी समाजो के भवन सहित नवीन धान खरीदी केंद्र एवं ग्राम पंचायतों की जानकारी दी, विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर कहा कि सभी मांगे पूरी होंगी, विकास कार्यो के लिए राशि की कमी नही होने दी जाएगी, इस दौरान विधायक ने सभी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया।

कछाड़ी सरपंच सहित 105 लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

विधायक गुलाब कमरो के कार्यो से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत काछड़ी के सरपंच बाबी भारती ने अपने 25 समर्थकों सहित विधायक गुलाब कमरो के समक्ष अपने समर्थकों सहित कांग्रेस प्रवेश किया इसी दौरान भगवतपुर से भाजपा नेता शिव चंद ने 15 समर्थकों के साथ लोकली से 20 कछाड़ी से 15 एवं जोगिया में गोंडवाना की कार्यकर्ता जयमुन बाई सहित कुल 30 लोगो ने एवं कुल 105 लोगो ने कांग्रेस की सदस्यता ली ।विधायक गुलाब कमरो ने सभी लोगो को कांग्रेस पार्टी का गमछा/स्टाल भेंट कर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश दिलाया

भलुवार परिहत में जनसपंर्क

विधायक गुलाब कमरो ने ग्राम भलुवार और रजपुरी में रात को पहुच कर ग्राम जनों से मुलाकात की, विधायक ने बीच मैदान में दरी पर ग्रामीणों के बीच बैठ कर लोगो से संवाद किया लोगो ने अपनी मांग व समस्या से विधायक को अवगत कराया विधायक ने समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए जनता का हित सर्वोपरि : भावना बोहरा

कवर्धा/ नवप्रदेश। शनिवार को केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पेट्रोल व डीजल पर प्रतिलीटर 8 रुपये और 6 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाकर देशवासियों को बड़ी राहत दी है। एक्साइज़ ड्यूटी कम करने से पेट्रोल में 9.50 रुपये और डीजल के दाम में प्रति लीटर 7 रुपए की कमी आई है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 12 सिलेंडर तक प्रति सिलेंडर पर 200 रुपये सब्सिडी देने का भी एलान किया है।

केंद्र सरकार के इस राहत भरे फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और कबीरधाम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के लिए जनता का हित सर्वोपरि है। इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी घटाकर व गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी देकर आम जनता को बहुत बड़ी राहत दी है। इस निर्णायक फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री जी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करती हूं।

उन्होंने आगे कहा कि जनता को इतनी बड़ी राहत देना राष्ट्र व देशवासियों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की संवेदनशीलता को प्रदर्शित करती है। जन अपेक्षाओं और लोक कल्याण को समर्पित इस निर्णय का समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं व आवश्यकताओं के भरपूर ध्यान रख रही है। कोरोना काल के बाद देशवासियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते हुए प्रधानमंत्री जी द्वारा कई ऐतिहासिक और लोकहितकारी निर्णय लिए गए हैं जिससे आज 130 करोड़ देशवासी लाभान्वित हो रहे हैं। वर्तमान समय में वैश्विक संकट के बीच भी देशवासियों को इतनी बड़ी सौगात देने का ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के उद्देश्य को दर्शाता है।

भावना बोहरा ने कहा कि इसके पूर्व भी केंद्र सरकार ने पेट्रोल डीजल के वैट में कटौती की थी तब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह जी ने मुख्यमंत्री रहते छत्तीसगढ़ में वैट की कटौती करते हुए पेट्रोल व डीजल के दाम कम कर छत्तीसगढ़वासियों को बड़ी राहत दी थी। मैं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ सरकार से अपील करती हूं कि वे भी केंद्र सरकार व पूर्व की भाजपा सरकार की तरह जनहित में फैसला लेते हुए पेट्रोल व डीजल के वैट में कटौती करें ताकि प्रदेशवासियों को राहत मिल सके।